卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 300 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦7 अगस्त 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## एम्स में भीषण आग से हड़कम्प

नई दिल्ली(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित एम्स के एंडोस्कोपी रूम में सोमवार को भीषण आग लग गई। आग लगने की जानकारी लगते ही अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। ताजा जानकारी के मुताबिक, एम्स में आग पर काबू पा लिया गया है। एंडोस्कोपी रूम से सभी मरीज सुरक्षित निकाल लिए गए। इससे पहले दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को यहां एम्स के इमरजेंसी वार्ड के पास आग लग गई। आग लगने की सूचना सुबह करीब 11.54 बजे मिली, जिसके बाद दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। आग ओल्ड ओपीडी की दूसरी मंजिल



पर इमरजेंसी वार्ड के ऊपर स्थित एंडोस्कोपी रूम में लगी थी। एम्स में सीटी स्कैन और एमआरआइ जांच का रिकार्ड सार्वजनिक करने के लिए अब तक ऑनलाइन डैशबोर्ड जारी नहीं हो पाया। इस वजह से आनलाइन डैशबोर्ड जारी करने के एम्स निदेशक के आदेश पर नौ माह बाद भी अमल नहीं हो पाया है और यह मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। इस मामले पर एम्स प्रशासन कुछ बोलने भी तैयार नहीं है। फिलहाल स्थिति यह है कि सीटी स्कैन व एमआरआइ जांच की सुविधा 24 घंटे होने के बावजूद भी जांच की वेटिंग की समस्या दूर नहीं हुई। एम्स में सीटी स्कैन व एमआरआइ जांच में वेटिंग एक बड़ी समस्या है। इससे एम्स के काम काज पर भी सवाल उठाए जाते रहे हैं।

## 137 दिन बाद संसद पहुंचे राहुल गांधी

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। सदस्यता बहाली के बाद राहुल गांधी सोमवार को 137 दिन बाद संसद पहुंचे। राहुल गांधी का इंडिया गठबंधन के सांसदों ने स्वागत किया।



राहुल गांधी केरल के वायनाड से सांसद हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मोदी सरनेम मानहानि केस में राहुल गांधी को मिली दो साल की सजा और दोषसिद्धि को रद्द कर दिया था। इसके बाद लोकसभा सचिवालय की ओर से सोमवार को अधिसूचना जारी कर राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल कर दी गई। राहुल की सदस्यता बहाल होने पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को मिठाई खिलाई। इसके बाद खड़गे ने बाकी नेताओं को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, (शेष पृष्ठ सात पर)

## शिवलिंग पर उभरे भोले बाबा के त्रिनेत्र

### बंगाली कालोनी के शिव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शिवलिंग पर भगवान भोले बाबा के त्रिनेत्र उभर आने की बात सामने आते ही आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी में गत रात्रि हजारों की संख्या में कालोनी में ही स्थित शिव मंदिर में उमड़ पड़े जहां उन्होंने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस दौरान शिव भक्तों ने मंदिर के बाहर भंडारा भी करवाया। समाचार लिखे जाने तक मंदिर में सैकड़ों शिव भक्त पूजा अर्चना कर रहे थे। बताया जाता है कि गत रात्रि शिव मंदिर में सावन मास की पूजा कर रहे कुछ लोगों ने शिवलिंग पर भोले बाबा के त्रिनेत्र उभरते देखे जिसमें पलकें



बंद व खुल रही थीं। यह बात उन्होंने आस पास के लोगों को बताई। देखते ही देखते यह खबर पूरी कालोनी में आग की तरह फैल गई और हजारों की संख्या में शिव भक्त मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंच गये। कालोनी के ही अनेक लोगों ने यह बात सोशल मीडिया पर डाल दी। आज प्रात: जब यह पोस्ट वायरल हुई तो हजारों की संख्या में शिव भक्त मन्दिर में पूजा अर्चना करने पहुंच गये और शिवलिंग पर जलाभिषेक कर विधिपूर्वक पूजा अर्चना की। इस दौरान अनेक शिवभक्तों ने मन्दिर के आगे भण्डारा भी प्रारम्भ कर दिया। मन्दिर के पुजारी रामपाल (शेष पृष्ठ सात पर)

## कांवड़ यात्रा पर आई महिला के साथ दुष्कर्म

रूड़की (उद संवाददाता)। गाजियाबाद से कांवड़ यात्रा पर आई एक महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक युवक ने महिला को नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया उसके बाद कई दिन तक वह महिला से दुराचार करता रहा। जानकारी के अनुसार एक महिला गाजियाबाद से कांवड़ यात्रा पर आई थी। महिला को रुड़की के एक युवक ने नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया और अपने साथ अपने कमरे में ले गया जहां वह प्रतिदिन उसके साथ नशे की हालत में दुष्कर्म करने लगा। जब आरोपी ने महिला को नशे की हालत में पागल होते हुए देखा तो वह उसको कमरे में अकेले छोड़कर फरार हो गया। जिसकी जानकारी पड़ोसियों ने पुलिस को दी कि एक महिला कमरे में चिल्ला रही है। थाना



गंगनहर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और महिला की हालत को देखते हुए उसे सिटी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा है। मामला महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल के संज्ञान में आया तो उन्होंने रात को ही डीजीपी अशोक कुमार और एसएसपी हरिद्वार से वार्ता कर इस मामले में शीघ्र कार्यवाही करने और पीड़िता की एफआईआर दर्ज कराने के साथ आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए निर्देशित किया। कुसुम कंडवाल का कहना है कि मामला बहुत शर्मनाक और संवेदन शील है। डीजीपी अशोक कुमार ने आश्वासन दिया कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पीड़िता की एफ आई आर दर्ज कर ली गई है और अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

## पति के खिलाफ कार्रवाई के लिए महिला काकोतवाली में हंगामा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भूरारानी निवासी एक महिला ने पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली पहुंच जमकर हंगामा काटा। महिला ने पति पर आये दिन मारपीट व प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। जानकारी के मुताबिक सोमवार को भूरारानी निवासी एक महिला कोतवाली पहुंची और पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। महिला का कहना था कि पति आये दिन उसके साथ मारपीट करता है। खर्चा भी नहीं दे रहा। रात को मारपीट की। आरोप है कि जान से मारने का प्रयास किया। (शेष पृष्ठ सात पर)

## आपत्तिजनक वीडियो अपलोड करने पर क्षत्रिय महासभा का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा शाखा सितारगंज



ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और बाद में एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर आपत्तिजनक वीडियो अपलोड करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि दो अगस्त को ग्राम गोठा कोतवाली सितारगंज निवासी युवक ने अपने फेसबुक प्रोफाइल पर एक वीडियो अपलोड किया। उक्त वीडियो के लगभग 13 मिनट पर उसने ठाकुर समाज को अपमानित करते अपशब्दों का प्रयोग कर ठाकुर समाज की भावनाओं को ठेस पहुचाई। उक्त वीडियो बनाते समय उसके साथ एक अन्य (शेष

## हाथियों ने सड़क पर मचाया उत्पात

कोटद्वार (उद संवाददाता)। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों की उस वक्त जान पर बन आई जब अचानक हाथी सड़क पर आ धमके। अफरा तफरी के बीच लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। वहीं हाथी वाहनों के पीछे दौड़ने लगे। चालकों ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ाई, लेकिन फिर भी हाथियों ने एक वाहन को क्षतिगग्रस्त कर दिया। कोटद्वार के पुलिंडा मार्ग पर धमके हाथियों की सूचना मिलने पर पहुंची वन विभाग की टीम ने हाथियों को जंगल में (शेष पृष्ठ सात पर)



## दिहाड़ी मांगने पर मिस्त्री को पीटा,नगदी भी लूटी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किये गयें काम की मजदूरी मांगने पर एक व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ मिलकर राजमिस्त्री पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। राज मिस्त्री ने हमलावरों पर उसके पास मौजूद हजारों की नगदी व मोबाईल छीन ले जाने का आरोप लगाया है। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में प्रदीप कुमार पुत्र स्व. विष्णु राय यादव निवासी संजय नगर वार्ड 11 ने कहा है कि वह राजमिस्त्री का कार्य करता है। माह जुलाई में उमेश साहनी निवासी



सुभाष कॉलोनी के अधीन टाईल्स लगाने का कार्य किया था। जिसमें उसकी मजदूरी एक हजार रूपये थी। उमेश साहनी ने एक दिन का कार्य कराया गया था मजदूरी नहीं दी। 6 अगस्त को जब मोबाइल से सम्पर्क किया तो उमेश साहनी ने उसे एलायन्स गेट 3, थापर मिल के पास बुलाया तथा पैसे देने का आश्वास दिया। वह जब उसके बताये गये स्थान पर पहुंचा तो वहां पर पहले से मौजूद उमेश साहनी उसका भतीजा राहुल व उसके अन्य दोस्तों ने उस पर तथा उसके साथ गये भरत निवासी आदर्श कॉलोनी, (शेष पृष्ठ सात पर)

## कालाबाजारी की शिकायत पर गैस एजेंसी में छापा

गदरपुर (उद संवाददाता)।गैस की कालाबाजारी की शिकायत पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के कुमाऊं मंडल उपायुक्त व जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार के नेतृत्व में टीम ने गैस एजेंसी में छापेमारी की जिससे एजेंसी में हड़कंप मच गया। टीम ने मौके से 21 भरे हुए और 8 खाली मिलाकर कुल 29 गैस सिलेंडर जब्त कर लिये। सोमवार को बुध बाजार में गैस की कालाबाजारी की सूचना पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के कुमाऊं मंडल उपायुक्त व जिला पूर्ति



अधिकारी विपिन कुमार के नेतृत्व में टीम के द्वारा की गई छापा मार कार्यवाही से हड़कंप मच गया। टीम ने मौके से 27 गैस सिलेंडर जब्त कर लिये। गैस सिलेंडर जब्त करने के बाद टीम ने सकेनिया मोड पर स्थित एक गैस की दुकान पर छापा मारा जहां मौके पर घरेलू गैस सिलेंडर से गैस की रिफलिंग देख अधिकारियों का पारा चढ़ गया। उन्होंने कर्मचारियों को सारा सामान जब्त करने के लिए निर्देश दिए। दुकान से गैस सिलेंडर एवं पाइप सही सारा सामान जब्त करने के बाद टीम सकेनिया तिराहे (शेष पृष्ठ सात पर)

# राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर हथकरघा प्रदर्शनी आयोजित

देहरादून(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के शुभ अवसर पर गोदामबड़ी संस्था के द्वारा जोहरी गांव देहरादून में हथकरघा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी के आयोजक गोदामबड़ी संस्था के तुषार तांबे मिडिया से बात करते हुए बताते हैं कि अभी हमारे भारतवर्ष में हैंडलूम को और प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता है ताकि यह उत्पाद लोगों तक पहुंच सके। हथकरघा एवं हस्तशिल्प में केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार भी अब काफी कुछ सहयोग कर रही है जिससे अब इस व्यवसाय में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़कर रोजगार दिया जाए एवं अपने देश में निर्मित परिधानों एवं उत्पादों को लोगों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा हथकरघा के उत्पाद अब लोगों में राष्ट्रीयता के भावनाओं को जागृत करता है। हमारे उत्तराखंड में भी हैंडलूम एवं खादी को लेकर अब यहां के लोगों में काफी जागरूकता हो चुकी है एवं वे उत्तराखंड में बने उत्पाद एवं परिधानों को खरीद भी रहे हैं। हैंडलूम के उत्पाद अब लोगों को प्रकृति से जोड़ने का काम कर रहा है एवं प्राकृतिक रूप से बनाए गए पोशाकों एवं परिधानों को उत्तराखंड के युवा काफी पसंद भी कर रहे हैं। तुषार तांबे बताते हैं कि हमारे इस जोहरी गांव के हथकरघा केंद्र में लगभग 7 हैंडलूम है और इसमें जाखन एवं उसके आसपास के गांव के 15 महिलाएं यहां काम कर रही है। हम गोदावरी संस्था के द्वारा महिलाओं को पहले 6 महीने तक प्रशिक्षण देखते हैं और फिर उन सभी महिलाओं को हम हैंडलूम के काम के लिए रख लेते हैं। इन महिलाओं के द्वारा मुख्य रूप से जो उत्पाद बनाए गए हैं उनमें बेडशीट, सूट एवं कुर्ता के कपड़े, तोलिया, योगा मैट, दरी एवं अन्य उपयोग की वस्तुएं बनाई जाती है। उत्तराखंड में जो हमने और हमारे संस्थाओं ने विभिन्न जगहों पर प्रदर्शनी लगाई है उसमें हमने देखा है कि उत्तराखंड के युवाओं को अब हैंडलूम डेनिम नेचुरल डाइंग और इको प्रिंट के परिधान काफी पसंद आ रहा है। हमारी संस्था ने भी पारंपरिक परिधान एवं मॉडर्न फैशन का एक फ्यूजन तैयार किया है जिसके अंतर्गत हम पारंपरिक सामग्री से मॉडर्न फैशन और स्टाइल के परिधान उत्तराखंड एवं देश के युवाओं के लिए तैयार कर रहे हैं इन सभी उत्पादों को उत्तराखंड एवं अन्य जगहों के लोग काफी पसंद करते हैं। इस प्रदर्शनी में उत्तराखंड के हैंडलूम के विभिन्न उत्पादों को प्रदर्शित की गई साथ ही साथ अन्य संस्थाओं में घुघुती विकारा, रीडो और हिमालयन ट्री जैसे संस्थाओं ने भी अपना स्टॉल लगाया।



# अखिल भारतीय आईपीएससी गर्ल्स अंडर 17 फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न

देहरादून(उद संवाददाता)। अखिल भारतीय आईपीएससी गर्ल्स अंडर-17 फुटबॉल, सुब्रतो कप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट संपन्न हुआ।टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए 10 प्रतिष्ठित स्कूलों ने भाग लिया।भाग लेने वाले स्कूलों में मेजबान स्कूल के साथ विद्या देवी जिंदल स्कूल (हिसार), डेली कॉलेज (इंदौर), मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स (राई), बिड़ला बालिका विद्यालय (पिलानी), द लॉरेंस स्कूल (सनावर, हिमाचल प्रदेश), पाइनग्रोव स्कूल (धरमपुर, हिमाचल प्रदेश), मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल (अजमेर), राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल (जोधपुर, राजस्थान), और द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल (इंदौर) शामिल थे।टूर्नामेंट में लीग कम नॉकआउट आधार पर कड़े मुकाबले खेले गए, जिसमें पहले तीन दिनों में सात मैच आयोजित किए गए। प्रत्येक समूह से सर्वश्रेष्ठ दो-दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचीं। 6 अगस्त,शाम को हुए फाइनल मुकाबले में पाइनग्रोव स्कूल और मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स राई के बीच चौंपियनशिप के लिए जोरदार मुकाबला हुआ। फाइनल मुकाबले में पाइनग्रोव स्कूल और मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स राई के बीच चौंपियनशिप के लिए जोरदार मुकाबला हुआ। इस में फाइनग्रोव स्कूल ने अतिरिक्त समय में 1 गोल से विजय रहा।समापन समारोह के सम्मानित मुख्य अतिथि कर्नल विक्रम कादियान, कमांडेंट आरआई एमसी, देहरादून थे, जिन्होंने अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में फुटबॉल एसोसिएशन, उत्तराखंड के सचिव उस्मान खान उपस्थित थे।टूर्नामेंट के उभरते खिलाड़ी का खिताब मेयो कॉलेज अजमेर से काश्वी को प्रदान किया गया। पाइनग्रोव स्कूल की सुबेक्छा को प्रोमिसिंग युवा गर्ल के रूप में स्वीकार किया गया था। सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन ग्लव्स पुरस्कार का खिताब मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स (राई) की दीपिकाने प्राप्त किया।टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन बूट पुरस्कार विद्या देवी जिंदल स्कूलकी श्रीनिधि ने प्राप्त किया, फेयर प्ले पुरस्कार न्यूनतम उल्लंघन और अनुकरणीय खेल कौशल प्रदर्शित करने के लिए मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स (राई)को गया जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में एक भी बार नियमों का उल्लंघन नहीं किया। एक रोमांचक मैच में, पाइनग्रोव स्कूल (धरमपुर, हिमाचल प्रदेश)असाधारण कौशल और टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए विजेता के रूप में उभरे, जबकि मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स (राई)ने पूरे टूर्नामेंट में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान हासिल किया। ऑल इंडिया आईपीएससी गर्ल्स अंडर-17 फुटबॉल सुब्रतो कप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट ने युवा प्रतिभाओं के प्रदर्शन के लिए एक मंच प्रदान किया और देश भर के विद्यालयों को खेल और सौहार्द की भावना से एक साथ आने का अवसर प्रदान किया।



# दुकान से नगदी चुराने के मामले में एक गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। दिनेशपुर मोड़ पर एक दुकान के ताले तोड़कर की गई चोरी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार 29 जुलाई को विकास बजाज पुत्र वेद प्रकाश निवासी ग्राम महेशपुर द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया गया था कि 28 जुलाई की रात्रि अज्ञात चोर उनकी दिनेशपुर रोड स्थित दुकान की खिड़की तोड़कर काउंटर के रास्ते गल्ले को तोड़कर गल्ले में रखे हुए 20000 चोरी कर ले गए जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर थानाध्यक्ष गदरपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी कैमरा का अवलोकन कर संदिग्ध की पहचान की की गई सुरागरसी तथा मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी को पुलिस ने दिनेशपुर अंडरपास के नजदीक गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम इंद्रजीत मंडल पुत्र नारायण मंडल निवासी मध सूदन का घर थाना दिनेशपुर बताया। उसके कब्जे से रुपए 10240, विकास का आधार कार्ड दो बैंक के ब्लैंक चेक बरामद हुए। सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने बताया, 28 जुलाई की रात्रि को उसने गदरपुर में दिनेशपुर रोड पर सीमेंट की दुकान की खिड़की तोड़कर दुकान के अंदर से काउंटर को तोड़कर एक थैली में रखें 20000 नगद एवं अन्य सामान चोरी किया था उसने कुछ पैसा खर्च भी कर दिया। अभियुक्त को न्यायालय के सम्मुख समक्ष पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजेश पांडे,उप निरीक्षक पूर्ण सिंह तोमर एवं भूपेंद्र सिंह रसवाल, एएसआई राजेंद्र कुमार,कां.उमेश जोशी, दर्शन सिंह,नवीन कन्याल और गोरखनाथ शामिल थे।

# श्रेय लेने वालों पर पूर्व विधायक ने साधा निशाना

काशीपुर(उद संवाददाता)। शहर के विकास के लिए बीस साल लड़ाई हमने लड़ी और श्रेय कोई और लेने का प्रयास कर रहे हैं मैं यह नहीं कहता कि ये सब हमने कराया है। एक विधायक होने के नाते मेरा और मेरे पुत्र का यह फर्ज था जिसे हमने पूरा किया है। पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने अपने कार्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में खुलकर अपने ही दल के नेताओं पर बिना नाम लिए निशाना साधा। पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने कहा कि पिछले बीस सालों से जब तक मैं विधायक रहा और अब मेरे पुत्र त्रिलोक सिंह चीमा मौजूदा विधायक हैं। हम दोनों ने शहर की सड़कों, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को जनता को देने के लिए ही



काम किया। पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने कहा कि उन्हें खेद है कि कुछ नेता विकास कार्यों का श्रेय लेने के लिए आगे आ रहे हैं। ऐसे लोगों को समझना चाहिए कि केवल बातें करने से काम नहीं होता। काम वास्तव में करना पड़ता है। पूर्व विधायक ने अपने कार्यकाल में कराये गये विकास कार्यों का ब्यौरा भी दिया। उन्होंने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष तक उनके द्वारा 37सड़को के लिए करोड़ों रुपए स्वीकृत करा कर उनका निर्माण कराया। जिनकी लागत 5करोड से अधिक है। द्रोणासागर माइनर पर 3.90 किमी की सड़क कवरिंग का काम जैसे उनके द्वारा सरकार से कराये गये हैं। 3.25किमी लंबी लक्ष्मीपुर माइनर के लिए स्वीकृत 28.45 करोड़ रुपए स्वीकृत कराने के लिए उन्होंने अक्टूबर 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री को प्रस्ताव भेजा था और व्यक्तिगत रूप से उनसे अनुरोध किया था। जिसके लिए वह आठ दस बार देहरादून गये थे।

# दामाद को अपराधी बताकर धोखे से विवाह करने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक व्यक्ति ने अपने दामाद पर शातिर अपराधी होने के साथ ही धोखे से उसकी पुत्री से विवाह कर दहेज में कार न लाने पर पुत्री का उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए रपट दर्ज कराई है। दर्ज रपट में टीकाराम पुत्र गंगाराम निवासी रम्पुरा वार्ड 21 ने कहा है कि उसकी पुत्री का विवाह राहुल दिवाकर पुत्र हरवंश लाल दिवाकर निवासी हर्ष विहार, हरिनगर दिल्ली के साथ 22 अप्रैल 2003 को हुआ था। विवाह में उसने आठ लाख पचास हजार रूपये खर्च किये थे। पुत्री विदाई के पश्चात् अपने ससुराल पहुंची तो उसने फोन पर बताया गया कि उसकी सास सुरजा दिवाकर, पति राहुल दिवाकर, भाई विजय दिवाकर व अजय दिवाकर व पिन्टू ( मासी का बेटा ) व अन्य ससुरालजनों ने ताने दिये कि दहेज में कार मांगी थी और बुलेट मोटरसाईकिल पकड़ा दी। टीकाराम का कहना है वह 23 अप्रैल को पुत्री के ससुराल रवाना हो गया। अपने एक रिश्तेदार से यह जानकारी मिली कि राहुल एक अपराधी किस्म का व्यक्ति है तथा उसका लंबा आपराधिक इतिहास भी है। 9 जून 2022 को राहुल दिवाकर को उसके अन्य साथियों सहित 3 नवजात बच्चों को चुराकर नेपाल पहुंचाते वक्त थाना फतेहाबाद पुलिस ने गिरफतार किया था। वह बच्चे का सौदा करने वाले अंतर्राष्ट्रीय गिरोह से जुड़ा हुआ है। राहुल ने धोखाधड़ी कर दहेज के लालच में उसकी पुत्री से विवाह किया गया है तथा उसके इस काम में उसकी मां सुरजा दिवाकर, मामा रमेश कुमार, मुरारी, पूर्व उप प्रधान किशन लाल तथा बिचौलिया धारा सिंह द्वारा साथ दिया गया है। उक्त सभी लोगो ने प्रार्थी से सच्चाई छिपायी। राहुल की असलियत जानने के बाद अपनी पुत्री को वापिस अपने घर ले आया तथा इसकी सूचना थाना जैतपुर दिल्ली में दे दी थी। उक्त विवाद को लेकर पंचायत हुई थी। जिसमें उसे आश्वासन दिया था कि विवाह में दिया गया समस्त स्त्रीधन आया खर्चा भी वापिस करेंगे। परंतु ऐसा नहीं कर सारा सामान हड़प लिया।

# महिलाओं को स्तनपान कराने के लिए किया जागरूक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन द्वारा स्वस्थ भारत परियोजना के अंतर्गत मोहल्ला खेड़ा स्थित संतोषी माता मंदिर में स्तनपान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद श्रीमती शालू पाल एवं क्षेत्र की सभी सुपरवाइजर मौजूद रहे। पार्षद शालू पाल ने गर्भवती एवं धात्री माताओं को स्तनपान के संदर्भ में जानकारी दी एवं स्तनपान के महत्व के बारे में बताया। वहीं ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन के डीपीओ मोहित सक्सेना ने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को बताया कि 6 माह तक मां को नवजात शिशु को केवल स्तनपान कराना चाहिए ऊपरी आहार कुछ भी नहीं देना चाहिए। जैसे पानी, शहद, घुट्टी कुछ भी ना दे। उन्होंने कहा कि 6 माह के पश्चात उपरोक्त आहार के साथ 2 वर्ष तक स्तनपान अवश्य कराये। इस दौरान सुपरवाइजर आंचल अग्रवाल ने बताया कि माताएं गाढ़ा दूध शिशु को अवश्य पिलाएं और साथ ही साथ स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।इसी दौरान ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन द्वारा महिलाओं को स्तनपान से संबंधित लघु फिल्मो द्वारा भी समझाया गया। साथ ही साथ प्रथम गर्भवती महिलाओं को पोषण किट चना, खजूर, मुरमरा आदि का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और बीएनएफ से क्षेत्र समन्वयक सुप्रिया पाठक, निष्ठा सक्सेना, दीपा नयाल, अनुज सिन्हा एवं सुनीता गोस्वामी उपस्थित रहे।



# समाजसेवी खरबंदा के निधन पर शोक व्यक्त किया

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर के प्रमुख समाजसेवी एवं प्रमुख उद्योगपति सरदार जसविंदर सिंह खरबन्दा लक्की के बड़े भाई सरदार दलजीत सिंह खरबन्दा पुत्र स्वर्गीय सरदार हरबंससिंह खरबन्दा के आकस्मिक निधन पर जिला बार एसोसिएशन उधमसिंहनगर के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट सुभाषचंद्र छाबड़ा ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके निधन को रुद्रपुर नगर तथा किसान हितों के लिए जबर्दस्त नुकसान बताते हुए गहरा शोक व्यक्त किया है। एडवोकेट छाबड़ा ने कहा कि स्वर्गीय खरबन्दा नगर की एक अजीम शख्सियत थे तथा सब के सुख-दुःख में हमेशा शरीक रहते थे। उनका एकाएक चले जाना अत्यंत ही पीड़ादायक है। श्री सनान्तन धर्म सभा के अध्यक्ष एडवोकेट महेश बब्बर, उपाध्यक्ष विजय जग्गा ने कहा कि सरदार दलजीतसिंह खरबन्दा पूरे समाज के हितैषी थे उनके जाने से जो क्षति हुई है उसकी पूर्ति निकट भविष्य में सम्भव नहीं है। ओमैक्स रिवेरिया अवासीय सोसायटी के सचिव एडवोकेट अभिनव छाबड़ा ने कहा जब वे 2009 में रुद्रपुर डिग्री कालेज छात्रसंघ के अध्यक्ष थे तो वे गरीब छात्रों की मदद को हमेशा आगे रहते थे जिसके लिए कालेज के विद्यार्थी हमेशा उनके ऋणी रहेंगे। जिला बार के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट कमल चिलाना एडवोकेट गुरुबाज सिंह नारंग, बार पुस्तकाला याध्यक्ष सुरेन्द्र नरूला, राहुल चिलाना एडवोकेट सुरभि आहूजा, बंटी ग्रोवर, एडवोकेट अनिल छाबड़ा, एडवोकेट मदनलाल अरोड़ा, नगर के प्रमुख समाजसेवी हरविंद्र सिंह हरजी ,सरदार जसबीर सिंह कुमार, नरेन्द्र डाबड़ा, प्राण ठक्कर, मनोहर लाल मिगलानी, नरेश कुमार सेठ तथा व्यापार मंडल सरपरस्त जगदीश कुमार छाबड़ा ने भी स्वर्गीय दलजीत सिंह खरबन्दा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# चमोली के बेमरु गांव में पहाड़ी से हुआ भूस्खलन,घर छोड़कर भागे ग्रामीण

चमोली। भारी बारिश के दौरान शनिवार रात को मज्जू लग्गा बेमरु गांव के ठीक शीर्ष भाग की पहाड़ी से भूस्खलन होने पर गांव में अफरा-तफरी मच गई। करीब 12 से अधिक परिवार रात को ही घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए। रविवार सुबह चार बजे बारिश थमने के बाद ग्रामीण घरों को लौटे। भूस्खलन से गांव की करीब 200 नाली कृषि भूमि तबाह हो गई है। गांव में कुछ लोगों की गोशाला को नुकसान हुआ है और लुदाऊं गदेरे पर बना लकड़ी का वैकल्पिक पुलिया बह जाने से ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो गया है। दशोली की ब्लॉक प्रमुख विनीता देवी ने बताया कि शनिवार रात को करीब आठ बजे से भारी बारिश शुरू हो गई थी। रात करीब साढ़े 12 बजे मज्जू लग्गा बेमरु गांव के शीर्ष भाग की पहाड़ी से भूस्खलन शुरू हो गया। जैसे ही मलबा खेतों तक पहुंचा तो ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। 12 से अधिक परिवार घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए। रविवार सुबह करीब चार बजे बारिश धीमी होने पर लोग घरों को लौट गए।

# हत्याकांड के बाद फरार राजकमल सीसीटीवी में हुआ कैद, हल्द्वानी में पुलिस ने डाला डेरा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रूद्रपुर में सनसनीखेज हत्याकांड की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी राजकमल की धड़पकड़ में जुटी पुलिस को उसका अहम सुराग हाथ लग गया है। बताया जा





रहा है कि घटना के बाद फरार आरोपी ने हल्द्वानी पहुंचकर एक जनसेवा केंद्र से सात सौ रुपये निकाले और इसके बाद वह भूमिगत हो गया। घटना के तीन दिन बाद पुलिस को इसकी जानकारी हुई है। इसके बाद पुलिस की टीम ने हल्द्वानी में डेरा डाल दिया है। रविवार को ट्रांजिट कैंप पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पड़ोस के लोगों से पूछताछ की। इसके अलावा मृतक दंपती के 15 वर्षीय बेटे से जय से भी पुलिस ने काफी देर तक पूछताछ की। इसके बाद पुलिस वापस लौट गई। गौरतलब है कि ट्रांजिट कैंप के शिवनगर में आरोपी राजकमल उर्फ राजू उर्फ जगदीश ने एक घर में घुसकर वहां मौजूद दंपती संजय और सोनाली को धारदार हथियार से वार कर मौत के घाट उतार दिया था। घटना के बाद पुलिस की छह टीम आरोपी की तलाश में जुट गई। शनिवार को पुलिस को उसका बैंक खाता नंबर हाथ लगा, जिसका विवरण निकालने पर पता लगा कि आरोपी ने घटना के बाद बृहस्पतिवार रात करीब आठ बजे तिकोनिया रोड, हल्द्वानी स्थित एक जनसेवा केंद्र में पहुंच कर वहां आधार कार्ड के माध्यम से सात सौ रुपये निकाले हैं। यह पूरा घटनाक्रम जनसेवा केंद्र में लगे सीसीटीवी में कैद हुआ। इसका पता लगते ही पुलिस टीम हल्द्वानी रवाना हो गई। पुलिस ने बस अड्डे और रेलवे स्टेशन के आसपास लगे सभी सीसीटीवी खंगाले। कयास लगाया जा रहा है कि आरोपी हल्द्वानी से मैदानी क्षेत्र के लिए फरार हुआ है। पुलिस ने उसके आगे की भी लोकेशन खंगाली है। आरोपी की तलाश के लिए दो टीम फिर से बाहरी राज्य के लिए रवाना की जा रही है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी का कहना है कि संभावित ठिकानों पर आरोपी की तलाश में टीम दबिश दे रही हैं। आरोपी राजू ने संजय और उसकी पत्नी की चाकू रेत कर हत्या करने के बाद उनकी सास गौरी पर भी चाकू से हमला किया था। इससे उनकी हालत गंभीर हो गई थी। उनका शहर के निजी अस्पताल में ऑपरेशन हुआ और उन्हें आईसीयू वार्ड में रखा गया था। रविवार को उनकी हालत में सुधार होने पर उन्हें सामान्य वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि अब वह खतरे से बाहर हैं।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# 15 दिन बाद बाजपुर से लापता फौजी जसपुर में मिला,बैग और पर्स चारी

बाजपुर /केलाखेड़ा। 15 दिन से लापता फौजी रंजीत सिंह जसपुर के टोल कुंडा के पास मिला। केलाखेड़ा पुलिस फौजी को थाने ले आई। हालांकि फौजी ने पुलिस को अभी तक कुछ नहीं बताया है। फौजी का बैग और पर्स गायब है लेकिन दस्तावेज फौजी के पास है। संभावना जताई जा रही है कि अज्ञात लोग फौजी के दस्तावेज छोड़कर बैग और पर्स लेकर फरार हो गए है। बताते चले कि गांव तोता बेरिया निवासी फौजी रंजीत सिंह छुट्टी बिताने के बाद 22 जुलाई 2023 को ड्यूटी जाने के लिए दोराहा चौक से रोडवेज बस से जम्मू कश्मीर के लिए बैठा था लेकिन जम्मू कश्मीर नहीं पहुंचा। जिस पर फौजी के तहेरे भाई बलकार सिंह ने केलाखेड़ा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने कई स्थानों पर जाकर फौजी रंजीत सिंह की तलाश की थी। परिजनों के साथ केलाखेड़ा पुलिस अंबाला भी गई थी। केलाखेड़ा थाना प्रभारी ललित मोहन रावल ने बताया कि शनिवार रात फौजी रंजीत सिंह ने किसी अपरिचित नंबर से अपने परिजनों को फोन कर घर आने की सूचना दी। परिजनों ने पुलिस को सूचित किया, जिस पर पुलिस की एक टीम हरिद्वार और दूसरी टीम जसपुर कुंडा टोल के लिए रवाना की गई।



रविवार तड़के पुलिस कुंडा टोल से फौजी रंजीत सिंह को एक रोडवेज बस से सकुशल बरामद कर थाने ले आई। रंजीत सिंह से मिलने के लिए उसके परिजन भी थाने पहुंचे। फौजी की सूचना पर एसपी काशीपुर अभय सिंह, सीओ भूपेंद्र भंडारी ने थाने पहुंचकर फौजी से पूछताछ की। लेकिन फौजी ने कुछ नहीं बताया। एसओ ने बताया कि रंजीत सिंह से पूरे प्रकरण की जानकारी जुटाने के लिए पुलिस पूछताछ कर रही है।

# समाजसेवी खरबंदा का निधन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर के प्रमुख समाजसेवी एवं प्रमुख उद्योगपति सरदार जसविंदर सिंह खरबन्दा लक्की के बड़े भाई सरदार दलजीत सिंह खरबन्दा पुत्र स्वर्गीय सरदार हरबंससिंह खरबन्दा का आकस्मिक निधन हो गया। आज दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार नगर के प्रमुख उद्योगपति सरदार जसविंदर सिंह खरबंदा के बड़े भाई दलजीत सिंह खरबन्दा अस्वस्थ चल रहे थे। आज उनका निधन हो गया। दोपहर बाद उनके निज स्थान गल्ला मण्डी रोड रूद्रपुर से उनका पार्थिव शरीर मोक्षधाम ले जाया गया। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा के दौरान सामाजिक,धार्मिक,राजनैतिक और व्यापारी संगठनों से जुड़े सैकड़ों लोगों ने पहुंच कर स्व0 खरबंदा को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



# ईओ विमला जोशी ने किया वार्डों का निरीक्षण

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी विमला जोशी ने शहर की व्यवस्थाओं को लेकर काफी सक्रिय हैं। सोमवार को नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी विमला जोशी



ने कर्मचारियों के साथ नगर के वार्ड 6,7 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों ने उन्हें समस्याओं से अवगत कराया। अधिशासी अधिकारी ने वार्ड वासी की समस्या को देखते हुए शीघ्र ही समस्या का निस्तारण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान वार्डों में में जो कमियां मिली उनको लेकर सफाई कर्मचारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी विमला जोशी ने कहा है कि सफाई व्यवस्था में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सफाई व्यवस्था में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान तरुन गुलाटी, दान सिंह राणा, सफाई कर्मचारी सूरज कुमार राधेश्याम आदि कर्मचारी मौजूद थे।

# युवक की मौत के मामले में पत्नी सहित पांच पर केस

बाजपुर। गांव केशोवाला में संदिग्ध हालात में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी सहित पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम में मौत की वहज दम घुटना बताया गया है। इधर पुलिस मृतक की पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।शनिवार को गांव केशोवाला निवासी अहमद हसन (33) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। कमरे में बिस्तर से नीचे अहमद हसन मृत मिला था। मामला संदिग्ध होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक के चचेरे भाई मोहम्मद आसिम ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वर्ष 2017 में उसके तहेरे भाई अहमद हसन की शादी गांव केशोवाला निवासी रूबीना के साथ हुई थी। अहमद शादी के बाद ससुराल के पास मकान बनाकर रह रहा था। दवाओं की जानकारी होने के कारण उसने गांव में ही दवाखाना खोल लिया। पांच अगस्त को रिश्तेदारों ने बताया कि उसके भाई की मौत हो गई है। भाभी के अनुसार स्वास्थ्य खराब होने पर अहमद ने सोने से पहले दवा खाई थी। आसिम का कहना है कि दवाओं की अच्छी जानकारी के कारण अहमद गलत दवा नहीं खा सकता है। उसने भाभी रूबीना और उसके परिजनों पर साजिश के तहत भाई की हत्या करने का आरोप लगाया है। कहा कि जब वह भाई की मौत की सूचना थाने में देने आ रहा था तो भाभी के पिता सहित अन्य लोगों ने रास्ता रोककर उसे धमकी दी। आसिम ने आरोप लगाया कि अहमद हसन की पत्नी और एक रिश्तेदार के बीच संबंध थे, जो अहमद की मौत का कारण हो सकता है। कोतवाल प्रवीण कोश्यारी ने बताया कि तहरीर पर मृतक की पत्नी रूबीना, दानिश गौहर अली, नाजिम और मोसिम के खिलाफ धारा 120 बी, 302, 342, 506 के तहत केस दर्ज कर जांच एसए सआई गोविंद सिंह मेहता को सौंपी गई है।

# मेरी माटी मेरा देश के तहत होंगे के विभिन्न कार्यक्रम

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर पंचायत कार्यालय में स्वतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर चेयरमैन प्रेम सिंह टुरना की अध्यक्षता में मेरी माटी मेरे देश को सफल बनाने के लिए एक बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए अधिशासी अधिकारी विमला जोशी ने बताया कि हर घर तिरंगा के साथ-साथ मेरी माटी मेरे देश के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत, सभी विद्यालय, सरकारी कार्यालय, निजी कार्यालय, तथा आमजन की सहभागिता में 9 अगस्त से 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जैसे मेरा माटी मेरा देश पर



गीत, प्रभात फेरी, देशभक्ति गीत, स्वच्छता अभियान, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आक्षितों का सम्मान, वीरों की गाथा की कहानी, चित्रकला प्रतियोगिता, महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण, झंड़ा रोहण एवं राष्ट्र गान आदि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम आयोजन किए जायेंगे। बैठक में पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं समाजसेवी जगदीश जोशी, प्रदीप विश्वास, रंजीत राणा, नरेंद्र राणा, जितेंद्र राणा, सुखलाल, धर्म सिंह बिष्ट, उमेश राणा, पूजा भट्ट, दान सिंह राणा, सुमित राणा, तरुण गुलाटी, आदि लोग मौजूद थे।

# चुघ ने आंगनवाड़ी केंद्र में पंखा व बच्चों को बांटे गिफ्ट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ समाजसेवी व भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने ट्रांजिट कैंप वार्ड नंबर पांच में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र संख्या सात में पहुंचकर आंगनवाड़ी केंद्र को एक सीलिंग फैन तथा बच्चों को उपहार कई गिफ्ट भेंट किए। इससे पूर्व आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचने पर कार्यकत्री सुषमा देवी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। श्री चुघ ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र में गर्भवती महिलाओं व छोटे बच्चों के लिए सरकार द्वारा कई लाभकारी योजनाएं संचालित की गई हैं। जिनका पात्र लोगों तक पूरा लाभ मिलना चाहिए। श्री चुघ ने कहा प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य महिलाओं व बच्चों के विकास के लिए हमेशा तत्पर रही हैं। उनके प्रयासों से उल्लेखनीय कार्यों के लिए महिलाओं को तीलू रौतेली पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र से जुड़ी कोई भी गर्भवती महिला तथा बच्चा पौष्टिक आहार प्राप्त करने से वंचित न रहे इसका पूरा ध्यान रखा जाए। श्री चुघ ने कहा कि केंद्र में गर्भवती महिलाओं और



बच्चों का टीकाकरण भी समय किया जाना आवश्यक है ताकि सभी को विभिन्न रोगों से बचाया जा सके। श्री चुघ ने कहा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां अपने क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार भी करें। साथ ही कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों की पहचान कर इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दें ताकि उनके लिए विशेष व्यवस्था की जा सके। यह बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के साथ साथ उनका खेल के रूप में मनोरंजन होना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केंद्र में आने वाले लोगों के हित में सीलिंग फैन भेंट कर रहे हैं। जिसका उपस्थित सभी लोगों ने ताली बजाकर स्वागत किया। श्री चुघ ने इस दौरान केंद्र के बच्चों को कई उपहार भी वितरित किए। आंगनवाड़ी कार्यकत्री सुषमा देवी ने श्री चुघ का आभार व्यक्त करते हुए केंद्र में संचालित होने वाले कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर अक्षय गाबा, नरेश चंद्र उप्रेती, विकास चंद्र सैनी,कमला, बीना, स्वाति, मीरा बोस, अजय, प्रज्ञा, कशिश, कार्तिक, हिमानी, मयंक, गौरव, परी, प्रतीक, रितिका, सुजय, आईसा, तान्या, हर्ष व हर्षित आदि मौजूद थे।

# डेंगू से बचाव को लेकर नगर निगम ने वार्डों में चलाया फॉगिंग अभियान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)बारिश के दौरान जगह-जगह पानी भरने से दिन में डेंगू के मच्छर सक्रिय हो गए हैं। हालांकि जिले में अभी तक डेंगू के केस देखने को नहीं मिले हैं। फिर भी चिकित्सकों ने लोगों को अलर्ट कर दिया है कि डेंगू से बचने के लिए फुल बाजुओ की शर्ट पहनकर रखें। क्षेत्र में नगर निगम द्वारा 40 वार्डों में फॉगिंग और कीटनाशक का छिड़काव किया जा रहा है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हर्षपाल सिंह चंडोक ने बताया कि गंदगी वाले स्थानों में अधिक छिड़काव किया जा रहा है। देहरादून में मेडिकल की पढ़ाई कर रही शक्तिफार्म निवासी 19 वर्षीय चित्रा हल्दार को डेंगू हो गया था। डेंगू की रिपोर्ट पॉजीटिव आने पर शक्तिफार्म घर लौटी बालिका के परिजनों ने उसे जिला अस्पताल के डेंगू वार्ड में भर्ती कराया। हालांकि रविवार को जब जिला अस्पताल में दोबारा बालिका की डेंगू की रिपोर्ट आई तो वह निगेटिव पाई गई। फिजिशियन डॉ. एमके तिवारी ने बताया कि जिले में अभी तक डेंगू का केस देखने को नहीं मिला है। देहरादून से बालिका को डेंगू हुआ था, तो उसे महिला डेंगू वार्ड में भर्ती करा दिया गया। बताया कि वार्ड में पांच बेड मौजूद हैं। डेंगू मच्छर दिन में सक्रिय रहते हैं, इसको देखते हुए हाफ पेंट कमीज न पहनें। डेंगू से बचाव के लिए आसपास जमा हुआ पानी को फेंक दें। डॉ एमके तिवारी ने बताया कि शरीर में बुखार, बदनदर्द व लाल दाना होना ही डेंगू का लक्षण होता है। बताया कि डेंगू होने में घबराने की जरूरत नहीं है बल्कि खान-पान में ध्यान देने की जरूरत है। बताया कि डेंगू का बुखार पांच दिनों तक रहता है। फल का सेवन अधिक करें। बुखार होने पर पैरासिटामोल दवा खाने से आराम मिलेगा। प्लेटलेट्स गिरने पर अस्पताल में डॉक्टर का परामर्श लें।

# सगे भाई ने की थी गला रेतकर हत्या



किच्छा(उद संवाददाता)। पुलिस ने बलाइंड मर्डर केसका खुलासा करते हुए अपने की भाई की गला रेतकर हत्या करने वाले शातिर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलभट्टा के फ्लाई ओवर के पास एक अगस्त को मिला शव नवाबगंज बरेली निवासी पपेंद्र सिंह उर्फ लाडी (40) का था। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि पपेंद्र के सगे भाई गुरदेव ने पैतृक संपत्ति को लेकर गला रेतकर हत्या करने के बाद शव को यहां फेंक दिया था। पपेंद्र गुरदेव सिंह के साथ में ट्रक में क्लीनर का काम करता था और उसके साथ ही घर से निकला था। जांच में पता चला कि दोनों भाई एक अगस्त की रात 10 बजे लालकुआं में देखे गए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जा रहा है। रविवार को हत्याकांड का खुलासा करते हुए एसएसपी ने बताया कि एसओजी और पुलभट्टा पुलिस ने एक अगस्त की रात को फ्लाईओवर पर मिले शव की शिनाख्त के प्रयास किए तो पता चला कि घटनास्थल पर एक ट्रक तीन मिनट रुका था। ट्रक की पहचान के लिए पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी खंगाले तो ट्रक सितारगंज की ओर जाता दिखा। मृतक की शिनाख्त पपेंद्र सिंह पुत्र परमजीत सिंह निवासी ग्राम बुखारपुर नवाबगंज बरेली के रूप में की गई। पपेंद्र और गुरदेव सिंह दो भाई और पांच बहनें हैं। पहले गांव में उनकी काफी जायदाद थी, जिसमें से अधिकांश बिक चुकी है। शराब पीने का आदी पपेंद्र गुरदेव से बार-बार जमीन का हिस्सा मांगता था। परिवार वाले पपेंद्र का ही साथ देते थे। परिवार की सारी जमीन पिता मंजीत सिंह के नाम थी। बंटवारे को लेकर कई बार पंचायत करने के बाद भी जब जमीन नहीं मिली तो गुरदेव ने पहले पपेंद्र और फिर अपने पिता को जान से मारने की योजना बनाकर जमीन जायदाद हड़पने की योजना बनाई। गुरदेव ट्रक चालक था, इसलिए उसने पपेंद्र को अपने साथ हेल्पर रख लिया। एक अगस्त को दोनों ने लालकुआं में ट्रक से माल उतारने के बाद लौटते समय शराब पी। पुलभट्टा के फ्लाईओवर के पास गुरदेव ने ट्रक में रखी छुरी से पपेंद्र की गला रेतकर हत्या कर दी और शव को वहीं फेंककर मय ट्रक सितारगंज निकल गया। घर पहुंचकर गुरदेव ने परिजनों को कहा कि पपेंद्र गाड़ी छोड़कर भाग गया है। परिजनों की तहरीर पर थाने में केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने बाईपास काली मंदिर के पास से गुरदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

## शातिर गुरदेव ने अपनी मां को भी मार डाला था, पुलिस टीम को 2000 का ईनाम

किच्छा। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि आरोपी गुरदेव ने पिछले साल अपनी मां स्वर्ण कौर को भी मार डाला था। मामला उत्तर प्रदेश के नवाबगंज का था। पारिवारिक होने के कारण मामला दब गया। इस मामले में कोई कार्रवाई नही हुई थी। एसएसपी के अनुसार हत्यारा काफी शातिर था। उसने ना तो अपने भाई की शादी होने दी और ना ही उसका आधार कार्ड ही बनने दिया। ताकि जब वह उसे मारकर कहीं फेंके तो उसकी शिनाख्त ना हो। एसएसपी ने बताया कि हत्या करने के बाद गुरदेव ने अंडरवेयर छोड़ शेष कपड़े उतारकर पपेंद्र का शव फेंका था। मृतक की खून से सनी पैंट और चाकू को सितारगंज के रास्ते में फेंक दिया, जिसे उसकी निशानदेही पर बरामद किया गया। एसएसपी ने बताया कि जब हत्यारे गुरदेव पर परिवार वालों ने पपेंद्र को खोजने का दबाव बनाया तो वह लालकुआं थाने पहुंचा। पुलिस ने उसे पपेंद्र के फोटो दिखाए तो वह फरार हो गया। हत्याकांड का खुलासा करते हुए एसएसपी ने एसओजी और पुलभट्टा पुलिस को 2000 रुपए इनाम देने की घोषणा करते हुए एसओ कमलेश भट्ट, एसआई पंकज कुमार, पवन जोशी, दीपा अधिकारी, सुरेश पसबोला, अशोक, फिरोज, धर्मवीर, ललित चौधरी आदि के के अलावा एसओजी के पंकज बिनवाल, भूपेंद्र आर्य और दीपक बोरा को बधाई दी।


KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ!
वीर कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com
खल सरसों (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन, उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

# बंदीगृह की दीवार फांदकर फरार हुई नेपाल की युवती

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ बंदीगृह से एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार युवती फरार हो गई। इससे बाद से ही पुलिस में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, नेपाल की 24 वर्ष की युवती अनुष्का उर्फ आकृति को चरस के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत ढाई साल से बंदीगृह में रखा गया था। बताया जा रहा है कि शनिवार की देर रात युवती ने साड़ी की रस्सी बनाई और बंदीगृह की दीवार से कूदकर फरार हो गई। पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने बताया कि फरार युवती की ढूंढखोज के लिए टीम गठित की गई हैं। पिथौरागढ़ बंदीगृह से विचाराधीन कैदी के भागने का यह दूसरा मामला है। इससे पूर्व 2019 में एक कैदी भी दीवार फांदकर फरार हो गया था।



## तुम जियो हजारों साल



कियान मदान के जन्म दिन पर समस्त परिवारजनों एवं दर्पण परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए?
आधार लाये, उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी
तिकोनिया मो- 9837077682
चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666
पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर
काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568869000
काशीपुर
चीमा चौराहा मो-7455045084
रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर
गुरूनानक इंटरप्राईजेज
पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

# बिन्दुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा दिलाने को संघर्ष तेज करने का ऐलान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय किसान महासभा द्वारा बिंदुखत्ता राजस्व गांव का सवाल और वनाधिकार कानून विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी की शुरुआत किसान महासभा के सक्रिय साथी रहे गोपाल सिंह बोरा को श्रद्धांजलि अर्पित




करते हुए एक मिनट के मौन के साथ हुई, जिनका विगत 31 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया था। संगोष्ठी को संबोधित करते किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार बिंदुखत्ता राजस्व गांव के सवाल को भटकाने में लगी है। बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है जो भाजपा के पास नहीं है। वनाधिकार का मुद्दा सामने लाकर भाजपा इसको भटका रही है। इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि बिंदुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा देने का मामला, उलझने के पीछे राजनीतिक छल ही मुख्य कारण है। सत्ताधारियों की मंशा होती तो बिंदुखत्ता दशकों पहले राजस्व गांव बन चुका होता। भाजपा बिंदुखत्ता का वोट तो पाना चाहती है पर कोई अधिकार नहीं देना चाहती।संगोष्ठी में बिंदुखत्ता की भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने की मांग राज्य सरकार से की गई। साथ ही राजस्व गांव के लिए संघर्ष तेज करने के संकल्प का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।संगोष्ठी की अध्यक्षता किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी ने की। संगोष्ठी को भुवन जोशी,कुन्दन सिंह मेहता, रमेश, पुष्पा, दुर्गा सिंह मेहता, किशन बघरी, डा. कैलाश पाण्डेय, ललित मटियाली आदि ने सम्बोधित किया। संगोष्ठी में विमला रौथाण, एसडी जोशी, धीरज कुमार, गोविंद सिंह जीना, पुष्कर सिंह दुबड़िया, चन्दन राम, बिशन दत्त जोशी, बलदेव सिंह कार्की, प्रवीण दानू, आनंद सिंह जग्गी, हरीश भंडारी, रोबिन प्रसाद, त्रिलोक राम, प्रमोद कुमार, ललित जोशी, नैन सिंह कोरंगा, मदन सिंह धमी, कुन्दन सिंह, बसंत बल्लभ, किशन राम, मोहन सिंह बिष्ट, मनोज कुमार, त्रिलोक सिंह दानू, हीरा सिंह नेगी, इंदुमणि, त्रिलोचन, हीरा सिंह, अखिलेश कुमार, स्वरूप सिंह दानू, गोपाल सिंह बिष्ट, देव सिंह देवली, भीम गिरी गोस्वामी, दौलत सिंह कार्की, भवान सिंह, लक्ष्मी दत्त, गिरीश चन्द्र जोशी, निर्मला शाही, विजय लक्ष्मी, मेहरून खातून, आंनद बल्लभ जोशी, प्रभात पाल, शिवा सिंह, गोपाल गड़िया, पनी राम, चन्नर आदि शामिल रहे।




# हुनरबाज-2 कार्यक्रम में बच्चों ने मचाया धमाल

खटीमा (उद संवाददाता)।राकेश डांस अकादमी द्वारा लोहिया हेड रोड स्थित एक निजी बैंकट हॉल में हुनरबाज 2 कार्यक्रम में बच्चों ने जमकर धमाल मचाया। खटीमा के मशहूर कोरियोग्राफर रवि कुमार की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ व्यवसाई अचल शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर अतिथियों द्वारा दीप प्रचलन कर किया गया। कार्यक्रम में खटीमा क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्र एवं विभिन्न स्कूलों एवं डांस एकेडमी के बच्चों ने प्रतिभाग किया, सोलो डांस कंपटीशन में सीनियर वर्ग में अर्जुन सागर ने प्रथम स्थान हासिल किया। श्रेया गौरव ने दूसरा एवं अंकित कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। सोलो डांस कंपटीशन के जूनियर वर्ग में विजय कुमार ने प्रथम स्थान शामिल अंसारी ने दूसरा एवं अनी कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में सहयोग करते हुए कमल बिष्ट राकेश कुमार रॉक्सी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल ने सभी अतिथियों का साधुवाद किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के नगर महामंत्री मनोज वाधवा नगर पालिका सभासद नीरज रस्तोगी, वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र परुथी ,केसर परुथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी अंजू देवी,




सभासद सीमा देवी चौहान, अजर सिद्दीकी, शिवजी लोहनी, गौरव अग्रवाल ने सहयोग किया। कार्यक्रम के आयोजक राकेश कुमार रॉक्सी ने कहा कि भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित, मनोज कुमार भाजपा ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले कई वर्षों से दीपक राकेश डांस एकेडमी द्वारा खटीमा की उभरती हुई प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं और भविष्य में भी आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में खटीमा की जनता पूरा सहयोग करेगी। संचालन अफजाल सिद्दीकी ने किया। कार्यक्रम में नवल बाल्मीकि, कीर्ति ओझा, सूरज धामी, आस्था मिश्रा, नेहा जोशी, करमजीत चौहान, विशाल चौहान, नरेंद्र धामी, दीपक गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# आनंद मैरिज एक्ट लागू करने पर जताया हर्ष

गदरपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा उत्तराखंड में आनंद मैरिज एक्ट लागू किये जाने पर सिख समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इस दौरान सिख समाज के लोगों का कहना था कि मुख्यमंत्री द्वारा उनकी वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया गया। भारतीय सिख संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी के नेतृत्व में दर्जनों सिख समाज के लोगों की एक बैठक गुरुद्वारा सिंह सभा में आयोजित की गई। बैठक में उत्तराखंड में आनंद मैरिज एक्ट लागू किये जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह को बधाई देते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी ने कहा देश के 22 राज्यों में आनंद मैरिज एक्ट पहले से लागू है। उत्तराखंड में लागू नहीं किया गया था। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैबिनेट की बैठक में इसे लागू कर सिख समाज की वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया है। उन्होंने कहा सिख समाज की कुछ और मांगे भी हैं जिन्हें जल्द पूरा किया जाना चाहिए। जिला अध्यक्ष संतोख सिंह ने कहा की मुख्यमंत्री हरिद्वार में ज्ञान गोदड़ी गुरुद्वारे मामले का भी जल्द निपटारा करें जिससे वहां भव्य गुरुद्वारे का निर्माण किया जा सके। इस मौके पर भारतीय सिख संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी, जिला अध्यक्ष संतोख सिंह, अमन ढिल्लो, विक्रम सिंह गोराया, महेंद्र सिंह, साधा सिंह, हरि सिंह चुग, जगदीश संधू, रक्षपाल सिंह महेंद्र पाल सिंह सहित काफी संख्या में सिख समाज के लोग मौजूद थे।



# चोरी की मोटरसाईकिल सहित युवक गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने वाहन चोरी के विरूद्ध चलाये गये अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए चोरी की। मोटरसाईकिल के साथ एक एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 26 जुलाई को सन्तोष वर्मा पुत्र ईश्वर शरण वर्मा, निवासी ग्राम अमरपुरी द्वारा एक तहरीर दी गयी थी 14जुलाई 2023 को शिव मन्दिर वार्ड नंबर 7 प्राईमरी स्कूल वाली गली से अज्ञात चोर द्वारा मोटर साईकिल साईकिल एचएफ डिलेक्स रजि0 नम्बर यूके 18ई 7409 को चोरी कर लिया गया है। तहरीर के आधार अभियोग पंजीकृत किया गया। पांच अगस्त को दौराने चैकिंग दिनेशपुर अंडर पास के पास मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त जानपाल उर्फ जेपी पुत्र सुरजीत सिंह निवासी ग्राम कनकटा थाना गदरपुर जनपद उधम सिंह नगर हाल निवासी आवास विकास रुद्रपुर, उधम सिंह नगर को बिना नम्बर प्लेट की मोटर साईकिल को ले जाते हुए चेकिंग करने पर मोटरसाईकिल के कोई वैध कागजात नही दिखा सका। उक्त मोटर



साईकिल के चैचिस नम्बर को ई चालान मशीन में चैक किया तो गाडी का पंजीकरण नम्बर यूके18ई -7409 दिखाई दिया जो थाना गदरपुर के से संबन्धित है। सख्ती से पूछताछ मे अभियुक्त द्वारा उक्त मोटरसाईकिल को 14जुलाई 2023 को शिवमन्दिर वार्ड नंबर 07 प्राईमरी स्कूल वाली गली से चोरी करना बताया। अभियुक्त को मोटर साईकिल के साथ दिनेशपुर रोड अण्डर पास के पास गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहा से अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा मे भेज दिया गया।। अभियुक्त का पूर्व मे भी आपराधिक इतिहास रहा है। अभियुक्त के खिलाफ चार मामले धारा 392/411 आईपीसी, 379/411 आईपीसी, 379/411 आईपीसी एवं 379 आईपीसी के दर्ज है। पकड़ने वाली टीम थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, एसआई पूरण सिह तौमर, का0 उमेश जोशी, का0 दर्शन सिंह, नवीन कन्याल शामिल रहे।

# सत्यापन न कराने पर 63 भवन स्वामियों का काटा चालान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसएसपी के निर्देशानुसार थाना ट्रांजिट कैम्प पुलिस द्वारा क्षेत्र में वृहद स्तर पर सत्यापन अभियान चलाया गया। जिसमें अलग अलग टीमों द्वारा विभिन्न मोहल्लों में जाकर बाहरी व्यक्तियों, किरायेदारों,घरेलु नौकरों का भवन स्वामियों से सत्यापन किया गया। इस दौरान सत्यापन न किए जाने पर मकान मालिको के 17 नगद चालान कर संयोजन धनराशि 85,000 रुपये वसूली गई। वहीं 46 चालान कोर्ट के 4,60000 रुपए के काटे गये। इसके अलावा क्षेत्र में रह रहे सभी मकान मालिकों को सचेत किया गया कि बार-बार उच्चाधिकारियों द्वारा जनपद में किरायेदारों



के सत्यापन से संबंधित निर्देशों के बावजूद अपने किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराया जा रहा है। इसलिए भवन तथा दुकान किरायेदारों , घरेलू नौकरों का सत्यापन अवश्य करा लें। भविष्य में भी समय- समय पर अभियान चलाया जाएगा।

# मीना शर्मा ने शिवनगर में सुनी समस्याएं

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने शिवनगर ट्रांजिट कैंप का दौरा कर वहां स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना और उन्हें समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। इधर शनिवार को श्रीमती शर्मा शिवनगर, नेहरू कॉलोनी पहुंची, जहां उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उनसे संवाद किया। इस दौरान श्रीमती शर्मा कई घरों में भी गई और उनकी कुशलक्षेम पूछी,और आपस में बैठकर चाय पी स इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने श्रीमती शर्मा को नए राशन कार्ड, बिजली कनेक्शन और पेंशन आदि की समस्याओं से अवगत कराया स बाद में श्रीमती शर्मा ने स्थानीय लोगों



को आश्वस्त किया कि वह उनकी समस्याओं का हर संभव समाधान कराने का प्रयास करेंगी। इस अवसर पर भारती सोनकर, सुभाष, अनिल कुमार, जगदीश, प्रेमपाल, कमलेश, खैराती लाल, मनोहर, श्रीकांत, गंगा देवी, मिथिलेश , उमा सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# नशे के इंजेक्शनों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने चौकिंग के दौरान दो नशा तस्करों को भारी संख्या में नशे के इंजेक्शनों सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम करने के संबंध में थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित की गई है। टीम में शामिल प्रभारी थानाध्यक्ष संजीत कुमार राठौड़, कानि. दिलाशद अहमद व मुन्ना सिह द्वारा चेकिंग के दौरान मालिक का बगीचा के पास से संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते दो युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता मौ. अनस पुत्र मौ. साबिर निवासी नई बस्ती मलिक का बगीचा, थाना बनभूलपुरा तथा मौ. फिरोज पुत्र अहमद रजा निवासी लाइन नंबर 13 थाना बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से कुल 20 नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। पुलिस ने बरामद इंजेक्शन कब्जे में लेकर आवश्यक पूछताछ करने के बाद दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### नूंह में बुल्डोजर एक्शन

हरियाणा के नूंह और फिर आसपास के इलाकों में फैली हिंसा के बाद वहां के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के बयान पर स्वाभाविक ही उनकी जवाबदेही को लेकर सवाल उठने लगे हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की सुरक्षा पुलिस द्वारा सुनिश्चित करना संभव नहीं होता। हांलाकि अब दंगाईयों के खिलाफ सख्त एक्शन भी लिया जा रहा है और सबक सिखाने के लिये वहां बुल्डोजर एक्शन शुरू कर कई भवन भी ध्वस्त किये जा रहे है। अब गुरुग्राम, पलवल, फरीदाबाद जैसे दिल्ली से सटे संभ्रांत कहे जाने वाले शहर भी इस उन्माद की जद में आ चुके हैं। अगर वहां की सरकार का मुखिया ऐसी बात कह कर पुलिस की जिम्मेदारियों पर पर्दा डालने का प्रयास करता है, तो जाहिर है, इससे दंगाइयों का मनोबल और बढ़ेगा ही। पहले ही इस हिंसा के पीछे सरकार के मौन समर्थन के आरोप लग रहे थे, खट्टर ने यह बयान देकर जैसे उसे पुख्ता करने का ही काम किया है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है, जब खट्टर ने ऐसे अतार्किक बयान देकर अपने पर हमले आमंत्रित किए हैं। कई बार तो यही लगा है कि वे बोलने के बजाय मौन ही रहते तो अच्छा था। मगर शायद उन्हें इसकी परवाह नहीं कि सरकार का मुखिया होने के नाते कब क्या बोलना चाहिए और कब क्या नहीं बोलना चाहिए। नूंह की हिंसा पर उनके उपमुख्यमंत्री दुख और चिंता प्रकट कर चुके हैं। उनकी पार्टी के केंद्र में मंत्री और हरियाणा से एक सांसद ने भी इस पर सवाल खड़ा किया है कि धार्मिक यात्रा में लोगों को हथियार लेकर चलने की इजाजत किसने दी। इसके बावजूद अगर खट्टर को लगता है कि पुलिस हर आदमी को सुरक्षा नहीं दे सकती, तो इससे उनकी प्रशासनिक लापरवाही स्पष्ट होती है। पुलिस का काम ही है हर नागरिक को सुरक्षा देना। ऐसा वातावरण बनाना, जिससे आपराधिक प्रवृत्ति के लोग समाज में गड़बड़ी पैदा करने से पहले कई बार सोचें। हर व्यक्ति को सुरक्षा देने का मतलब यह नहीं होता कि हर आदमी के साथ पुलिस का एक सिपाही तैनात कर दिया जाए। पुलिस की जिम्मेदारी बेहतर कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करना है। मगर खट्टर इसके उलट बात कह रहे हैं। अब तो नूंह की घटना के अनेक चित्र सामने आ चुके हैं, जिनमें यात्रा निकालने से पहले ही हिंसा भड़काने की तैयारियां साफ नजर आती हैं। जिस मोनू मानेसर का हाथ इस हिंसा के पीछे बताया जा रहा है, उसके वीडियो कई दिन पहले से प्रसारित हो रहे थे। स्वाभाविक ही सवाल उठ रहे हैं कि जब यात्रा से पहले ही लोग हिंसा की आशंका जताने लगे थे, तो फिर पुलिस को इसका अंदाजा कैसे नहीं हो पाया। अगर मान भी लें कि यात्रा निकालने वालों ने पुलिस को इस बात की ठीक-ठीक जानकारी नहीं दी थी कि उस यात्रा में कितने लोग शामिल होंगे, तो क्या पुलिस इस बात से भी अनजान थी कि यात्रा के दौरान किस तरह की स्थिति पैदा हो सकती है। अव्वल तो पुलिस की जिम्मेदारी होती है कि वह हिंसा की संभावना वाले क्षेत्रों और स्थितियों की पहचान खुद कर उससे बचने के उपाय करे। मगर नूंह में तो सब कुछ पहले से स्पष्ट होने के बावजूद वह हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। तिस पर अगर मुख्यमंत्री पुलिस की नाकामियों को ढंकने का प्रयास कर रहे हैं, तो यह किसी भी रूप में एक जिम्मेदार सरकार की निशानी नहीं कही जा सकती।

# गौरीकुंड में भूस्खलन से लापता लोगों की खोजबीन में जुटे पुलिस के सैकड़ों जवान

रूद्रप्रयाग। गौरीकुंड में भूस्खलन हादसे में लापता 20 लोगों का तीसरे दिन भी कोई पता नहीं चल पाया है। लापता की खोज के लिए घटनास्थल से लेकर श्रीनगर डैम तक एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, वाईएमएफ और पुलिस-होमगार्ड के जवान जुटे हुए हैं। ड्रोन कैमरा से भी लापता लोगों की खोजबीन की जा रही है। जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार और पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे निरंतर मॉनीटरिंग कर रहे हैं। रविवार को भी सुबह करीब 5.30 बजे से घटनास्थल पर रेस्क्यू शुरू हो गया था। हाइड्रा मशीन की मदद से मलबे के ढेर को कई बार पलटा गया लेकिन कुछ नहीं मिला। इस दौरान एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के जवान मंदाकिनी नदी के मध्य हिस्से तक भी पहुंचे लेकिन कोई सफलता नहीं मिला। वहीं, केदारनाथ में बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ने से रेस्क्यू में दिक्कत आ रही है। दूसरी तरफ, लापता लोगों की खोजबीन के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले की सीमा में संचालित सोनप्रयाग कोतवाली, थाना गुप्तकाशी व ऊखीमठ, थाना अगस्त्यमुनि और फायर सर्विस रतूड़ा के जवानों और जल पुलिस के जवानों ने मंदाकिनी व अलकनंदा नदी में कुंड, अगस्त्यमुनि, तिलवाड़ा, रुद्रप्रयाग, खांकरा होते हुए धारी देवी तक खोजबीन की। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि विषम परिस्थितियों और कठिन हालातों में लापता की खोजबीन के लिए अभियान चल रहा है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इधर, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पौड़ी, नई टिहरी और हरिद्वार जिला प्रशासन व पुलिस से भी अपने-अपने क्षेत्र में लापता की खोज के लिए रेस्क्यू अभियान चलाने के लिए सहयोग मांगा गया है। रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे पर गौरीकुंड में डाटपुल के समीप हुए भूस्खलन हादसे के बाद से अवैध अतिक्रमण से बनाई गई कच्ची दुकानों को सुरक्षा की दृष्टि से तोड़ने का अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान तहसील प्रशासन की टीम ने गौरीकुंड से सोनप्रयाग तक 175 कच्ची अवैध दुकानें ध्वस्त कीगई है।।





## नदियों में ड्रोन से चलाया सर्च ऑपरेशन नहीं मिल रहा लापता लोगों का सुराग

रूद्रप्रयाग। केदारनाथ यात्रा मार्ग गौरीकुण्ड डाटपुलिया के समीप हुए भू-स्खलन के कारण लापता व्यक्तियों का सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन निरन्तर जारी है। उक्त स्थल पर एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ, जिला आपदा प्रबन्धन विभाग, जिला पुलिस, जल पुलिस, अग्निशमन इकाई के द्वारा निरन्तर सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग डॉ.विशाखा अशोक भदाणे द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जनपद रुद्रप्रयाग के कोतवाली सोनप्रयाग, थाना गुप्तकाशी, थाना ऊखीमठ, थाना अगस्त्यमुनि पुलिस द्वारा जल पुलिस के साथ मंदाकिनी नदी के किनारों पर व कोतवाली रुद्रप्रयाग पुलिस द्वारा अलकनंदा व मंदाकिनी के संगम से लेकर रुद्रप्रयाग जनपद की सीमा के अन्दर नदी किनारे सर्चिंग की जा रही है। नदी किनारे के ऐसे स्थल जहाँ पर पहुँच आसान नहीं है, ड्रोन की सहायता से तलाश की जा रही है। इसके अतिरिक्त सरहदी जनपदों के डैम क्षेत्र सहित हरिद्वार तक सर्चिंग किये जाने का आग्रह किया गया है।

# कूनो चिड़ियाघर में 'चीतों की अकाल मौत' का सिलसिला

**महत्वाकांक्षी चीता पुनर्वास के लिए बड़ा झटका: अब कूनों में चौदह चीते हैं जिनमें सात नर, छह मादा और एक शावक शेष हैं, इनमें निर्वा नाम की एक मादा लपाता है।**



अफ्रीकी देशों से लाकर कूनो अभ्यारण्य में बसाए गए चीतों की लगातार हो रही मौतों से उनकी निगरानी, स्वास्थ्य और मौत के लिए आखिर कौन जिम्मेबार है ? यह सवाल बड़ा होता जा रहा है। जिस तरह से चीते अकाल मौत का शिकार हो रहे हैं, उससे लगता है, उच्च वनाधिकारियों का ज्ञान चीतों के प्राकृतिक व्यवहार से लगभग अछूता है। इसलिए एक-एक कर छह वयस्क और तीन शावकों की मौत पांच माह के भीतर हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी चीता परियोजना के लिए यह बड़ा झटका है। विडंबना है कि इन चीतों की वास्तविक मौत के कारण भी पता नहीं चले हैं। चीतों की मौत का कारण कॉलर आईडी से हुआ संक्रमण हैं, या जलवायु परिवर्तन एकाएक यह कहना मुश्किल है ? हालांकि केंद्रीय वनमंत्री भूपेंद्र यादव ने मौत की हकीकत पर पर्दा डालने की दृष्टि से कह दिया कि 'चीतों की मौत का मुख्य कारण कोई बीमारी नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाला संक्रमण है। चूंकि नामीबिया और श्योपुर का जलवायु अलग-अलग है और पहला वर्ष होने के कारण उन्हें यहां के वातावरण में ढलने में कठिनाई आ रही है। मानसूनी असंतुलन के कारण हम 9 चीतों का नुकसान उठा चुके हैं। चीतों की सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार गंभीर है, क्योंकि यह लंबी परियोजना है और हर वर्ष चीते आने हैं।' जबकि कुछ चीतों की मौतें कारण का स्पष्ट उल्लेख कर रही हैं। मादा चीता ज्वाला के शावकों के साथ देख-रेख में पूरी तरह लापरवाही बरती गई। इन शावकों का वजन जब 40 प्रतिशत रह गया और ये शिथिल हो गए, तब इनके उपचार का ख्याल वनाधिकारियों को आया। नतीजतन तीन शावक काल के गाल में समा गए। मादा चीता दक्षा को जोड़ा बनाने की दृष्टि से दो नर चीतों के साथ छोड़ दिया गया। जबकि ऐसा कभी किया नहीं जाता कि एक मादा के पीछे दो नर छोड़ दिए जाएं। नतीजा निकला कि संघर्ष में दक्षा कि मौत हो गई। इन सब स्पष्ट कारणों के चलते ही नामीबिया से आए विशेषज्ञ चिकात्सक सच्चाई तक न पहुंच जाए, इसलिए उनके साथ जिम्मेबार अधिकारी असहयोग बनाए हुए है। अब कूनों में 14 चीते शेष हैं, जिनमें सात नर, छह मादा और एक शावक हैं। इनमें निर्वा नाम की एक मादा लपाता है। इसे ट्रेंकुलाइज कर बाड़े में लाने की कोशिश हो रही है। हालांकि निर्वा की रेडियो कॉलर खराब हो गई है, इसलिए कई दिन से यह लोकेशन ट्रांसमीटर के दायरे में ही नहीं आ रही है। कुछ जानकारों का मानना है कि इस चीते की मौत हो चुकी है। दरअसल यदि अतीत में जाएं तो पता चलता है कि विदेशी चीतों को भारत की धरती कभी रास नहीं आई। इनको बसाने के प्रयास पहले भी होते रहे हैं। एक समय चीते की रफ्तार भारतीय वनों की शान हुआ करती थी। लेकिन 1947 के आते-आते चीतों की आबादी पूरी तरह लुप्त हो गई। 1948 में अंतिम चीता छत्तीसगढ़ के सरगुजा में देखा गया था। जिसे मार गिराया गया। चीता तेज रफ्तार का आश्चर्यजनक चमत्कार माना जाता है। अपनी विशिष्ट एवं लोचपूर्ण देहयष्टि के लिए भी इस हिंसक वन्य जीव की अलग पहचान थी। शरीर में इसी चपलता के कारण यह जंगली प्राणियों में सबसे तेज दौड़ने वाला धावक है। इसलिए इसे जंगल की बिजली भी कहा गया। हालांकि भारत में चीतों के पुनर्वास की कोशिशें असफल रही हैं। दरअसल, दक्षिण अफ्रीका के जंगलों से 1993 में दिल्ली के चिड़ियाघर में चार चीते लाए गए थे, लेकिन छह माह के भीतर ही ये चारों मर गए। चिड़ियाघर में इनके आवास, परवरिश व प्रजनन के पर्याप्त उपाय किये गये थे, लिहाजा उम्मीद थी कि यदि इनकी वंशवृद्धि होती है तो देश के अन्य चिड़ियाघरों व अभ्यारण्यों में ये चीते स्थानांतरित किये जाएंगे। हालांकि चीतों द्वारा चिड़ियाघरों में प्रजनन अपवाद घटना ही होती है। नतीजतन प्रजनन संभव होने से पहले ही चीते मर गए। बीती सदी में चीतों की संख्या एक लाख तक थी, लेकिन अफ्रीका के खुले घास वाले जंगलों से लेकर भारत सहित लगभग सभी एशियाई देशों में पाया जाने वाला चीता अब पूरे एशियाई जंगलों में गिनती के रह गए हैं। राजा चीता (एसिनोनिक्स रेक्स) जिम्बाब्बे में मिलता है। अफ्रीका के जंगलों में भी गिने-चुने चीते रह गए हैं। तंजानिया के सेरेंगती राष्ट्रीय उद्यान और नामीबिया के जंगलों में गिने-चुने चीते हैं। प्रजनन के तमाम आधुनिक व वैज्ञानिक उपायों के बावजूद जंगल की इस फुर्तीली नस्ल की संख्या बढ़ाई नहीं जा पा रही है। यह प्रकृति के समक्ष वैज्ञानिक दंभ की नाकामी है। जूलॉजिकल सोसायटी ऑफ लंदन की रिपोर्ट को मानें तो दुनिया में 91 प्रतिशत चीते 1991 में ही समाप्त हो गए थे। अब केवल 7100 चीते पूरी दुनिया में बचे हैं। एशिया के ईरान में केवल 50 चीते शेष हैं। अफ्रीकी देश केन्या के मासीमारा क्षेत्र को चीतों का गढ़ माना जाता था, लेकिन अब इनकी संख्या गिनती की रह गई है। बीती सदी के पांचवे दशक तक चीते अमेरिका के चिड़ियाघरों में भी थे। प्राणी विशेषज्ञों की अनेक कोशिशों के बाद इन चीतों ने 1956 में शिशुओं को जन्म भी दिया, परंतु किसी भी शिशु को बचाया नहीं जा सका। चीते द्वारा किसी चिड़ियाघर में जोड़ा बनाने की यह पहली घटना थी, जो नाकाम रही। जंगल के हिंसक जीवों का प्रजनन चिड़ियाघरों में आश्चर्यजनक ढंग से प्रभावित होता है, इसलिए शेर, बाघ, तेंदुए व चीते चिड़ियाघरों में जोड़ा बनाने की इच्छा नहीं रखते हैं। भारत में चीतों की अंतिम पीढ़ी के कुछ सदस्य बस्तर-सरगुजा के घने जंगलों में थे, जिन्हें 1947 में देखा गया था। इनके संरक्षण के जरूरी उपाय हो पाते, इससे पहले ही चीतों के इन अंतिम वंशजों का शिकार, शिकार के शौकीन राजा-महाराजाओं ने करके वन की इस तेज गति के ताबूत में अंतिम कील ठोंक दी। इस तरह भारतीय चीतों की नस्ल पर पूर्ण विराम लग गया था। हमारे देश के राजा-महाराजाओं को घोड़ों और कुत्तों की तरह चीते पालने का भी शौक था। चीता शावकों को पालकर इनसे जंगल में शिकार कराया जाता था। राजा लोग जब जंगल में आखेट के लिए जाते थे, तो प्रशिक्षित चीतों को बैलगाड़ी में बिठाकर साथ ले जाते थे। इनकी आंखों पर पट्टी बांध दी जाती थी, जिससे यह किसी मामूली वन्य जीव पर न झपटे। जब शिकार राजाओं की दृष्टि के दायरे में आ जाता था, तो चीते की आंखों की पट्टी खोलकर शिकार की दिशा में हाथ से इशारा कर दिया जाता था। पलक झपकते ही शिकार चीते के जबड़े में होता। शिकार का यह अद्भुत करिश्मा देखना भी एक आश्चर्यजनक रोमांच की बात रही होगी ? भारत के कई राजमहलों में पालतू चीतों से शिकार कराने के अनेक चित्र अंकित हैं। मुगल काल में अकबर ने सैंकड़ों चीतों को बंधक बनाकर पाला। मध्यप्रदेश में मांडू विजय से लौटने के बाद अकबर ने चंदेरी और नरवर (शिवपुरी) के जंगलों में चीतों, बाघों, तेंदुओं और हथियों जैसे वन्य प्राणियों का शिकार किया। नरवर के जंगलों में अकबर ने जंगली हाथियों का भी खूब शिकार किया। ग्वालियर रियासत में सिंधिया राजाओं ने भी चीते पाले हुए थे, लेकिन चीतों को पाले जाने का शगल ग्वालियर रियासत में बीसवीं सदी के अंत तक ही संभव रहा। मार्को पोलो ने तेरहवीं शताब्दी के एक दस्तावेज का उदाहरण देते हुए बताया है कि कुबलई खान ने अपने ठिकानों पर एक हजार से भी अधिक चीते पाल रखे थे। इन चीतों के लिए अलग-अलग अस्तबल थे। चीते इस पड़ाव की चौकीदारी भी करते थे। बड़ी संख्या में चीतों को पालतू बनाने से इनके प्रकृतिजन्य स्वभाव पर प्रतिकूल असर तो पड़ा ही, इनकी प्रजनन क्रियाओं पर भी बेहद प्रतिकूल असर पड़ा। गुलामी की जिंदगी गुजारने व सईस के हंटर की फटकार की दहशत ने इन्हें मानसिक रूप से दुर्बल बना दिया, जिससे चीतों ने विभिन्न शारीरिक क्रियाओं में रुचि लेना बन्द कर दिया। जब चाहे तब भेड़-बकरियों की तरह हांक लगा देने से भी इनकी सहजता प्रभावित हुई। चीतों की ताकत में कमी न आए इसके लिए इन्हें मादाओं से अलग रखा जाता था। बैलों की तरह नर चीतों को बधिया करने की क्रूरताएं भी राजा-महाराजाओं ने खूब अपनाईं। इन सब कारणों से जंगल की इस बिजली की रोशनी मंद पड़ती गई और इक्कीसवीं शताब्दी के मध्य के आसपास एशिया भर में बुझ भी गई। कूनो में चीतों की जरूरत से ज्यादा तकनीक आधारित निगरानी और इन पर बार-बार ट्रेंकुलाइज का प्रयोग भी इनकी मौत का कारण बन रहा हैं।

**-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# नदी में सेल्फी ले रही मेडिकल की छात्रा डूबी, गोताखोरों ने निकाला शव


देहरादून। मुरादाबाद से घूमने सहस्रधारा आई मेडिकल की छात्रा सेल्फी लेते वक्त नदी में बह गई। एसडीआरएफ और पुलिस टीम ने कई घंटे सर्च ऑपरेशन चलाया। इसके बाद उसका शव बरामद हुआ। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। छात्रा यहां अपने एक दोस्त के साथ घूमने आई थी। उसकी मौत के बाद साथी बदहवास हालत में है। पुलिस के अनुसार, मृतक छात्रा का नाम स्वाति जैन (20) पुत्री पुनीत जैन निवासी खतौली, मुजफ्फरनगर है। वह तीर्थांकर महावीर विवि मुरादाबाद में एमबीबीएस प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। शनिवार



शाम अपने दोस्त देवराज सिंह निवासी यमुना विहार, दिल्ली के साथ ट्रेन से देहरादून आई थी। स्टेशन पहुंचने के बाद उन्होंने स्कूटर रेंट पर लिया और सहस्रधारा घूमने निकल गए। दोपहर करीब ढाई बजे दोनों सहस्रधारा के ऊपरी छोर पर नहा रहे थे। यहां स्वाति एक पत्थर पर चढ़कर अपने मोबाइल से सेल्फी लेने लगी। इसी दौरान उसका पैर फिसला और वह नदी के तेज बहाव में बह गई। देवराज और अन्य लोगों ने शोर मचाया तो वहां भीड़ लग गई। कुछ देर बाद आईटी पार्क पुलिस चौकी से टीम पहुंची और एसडीआरएफ को सूचना दी। एसडीआरएफ के गोताखोरों ने पानी में स्वाति की तलाश की लेकिन काफी देर तक सफलता नहीं मिली। करीब चार बजे लगभग दो किमी दूर से स्वाति के शव को बरामद किया गया। एसओ राजपुर जितेंद्र चौहान ने बताया, छात्रा के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। वह देहरादून के लिए निकल गए थे। उसका दोस्त बदहवास हालत में है। ऐसे में वह भी बहुत ज्यादा जानकारी नहीं दे पा रहा है।

# शक्ति नहर में डूबने से छात्र की मौत

विकासनगर। क्रिकेट खेलने के दौरान गेंद शक्ति नहर में जा गिरी थी। आदित्य को आशंका थी कि गेंद झाड़ियों में फंसी है। जिसके चलते वह दोस्त के साथ शक्ति नहर की ढाल पर गेंद खोजने लगा। इस बीच पैर फिसलने से वह नहर में जा गिरा। शक्ति नहर में डूबने से 11वीं के छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक सेपियंस स्कूल का छात्र था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आदित्य वर्धन पैन्यूली (17) पुत्र संजय पैन्यूली निवासी सरस्वती विहार डाकपत्थर गेंद खोजने शक्ति नहर किनारे गया हुआ था। बताया जा रहा है कि बीते शनिवार को क्रिकेट खेलने के दौरान गेंद शक्ति नहर में जा गिरी थी। आदित्य को आशंका थी कि गेंद झाड़ियों में फंसी है। जिसके चलते वह रविवार की दोपहर



करीब डेढ़ बजे एक दोस्त के साथ शक्ति नहर की ढाल पर गेंद खोजने लगा। इस बीच पैर फिसलने से वह नहर में जा गिरा। सड़क पर खड़ा उसका दोस्त मदद के लिए लोगों को बुलाने चला गया। इस दौरान आदित्य वर्धन नहर के तेज बहाव में लापता हो गया। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी डाकपत्थर अर्जुन गुसाई एसडीआरएफ के जवानों के साथ मौके पर पहुंचे। लापता छात्र की तलाश में नहर में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। शाम करीब सवा चार बजे उसका शव ढकरानी पॉवर हाउस से बरामद हो गया। उपजिलाधिकारी की अनुमति के बाद पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम कराए पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। छात्र की मौत से घर में मातम छा गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक दो भाई बहनों में बड़ा था। उसकी मौत से हर कोई स्तब्ध है। मृतक के पिता पुजारी है।

# मेयर ने किया संघन मिशन इन्द्रधनुष योजना का शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संघन मिशन इन्द्रधनुष योजना का जिला चिकित्सालय में महापौर रामपाल द्वारा आधिकारिक रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया। संघन मिशन इन्द्रधनुष जनपद में तीन चरणों अगस्त, सितम्बर एवं अक्टूबर में आयोजित किया जायेगा । जिसमें 5 वर्ष की आयु तक के ड्रॉप आउट और छूटे हुए बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीके की छुटी हुई खुराक को सम्मिलित किया जाना है। साथ ही यूआईपी के तहत अन्य टीकों के अलावा मिसल्स एंड रुबेला वेक्सिन, प्नूमोकोकल कोंग्यूटेड एंड इनटिवेट पोलियो वेक्सिन तीसरी खुराक के कवरेज में सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाना है। भारत सरकार द्वारा ऑनलाइन के माध्यम से पंजीकृत कर टीका



लगाया जाना है। प्रतिरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य के 02 जनपदों हरिद्वार एवं पिथैरागढ में यू विन के रूप में डिजिटलीकरण की शुरूआत की जा चुकी है। जिसके क्रम में जनपद ऊधम सिंह नगर में दिनांक 07 अगस्त 2023 का यू एंड विन के रूप में डिजिटलीकरण का विस्तार किये जाने की शुरूआत महापौर रामपाल द्वारा की गई । संघन मिशन इन्द्रधनुष के उद्घाटन के शुभारम्भ में डा० मनोज कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी मौजूद थे। उनके द्वारा समस्त एएनएम, स्टाफ नर्स को निर्देश दिये गए कि 5 वर्ष की आयु तक के ड्रॉप आउट और छूटे हुए बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीके की छूटी हुई खुराक को शत–प्रतिशत दी जायें। मौके पर डा. आरके सिन्हा, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, डा. राजेश आर्य (डीआईओ), प्रदीप महर, सहायक प्रतिरक्षण अधिकारी हिमांशु मुसोनी,चांद मियां, नंदलाल,दीपा जोशी व डा. अजयवीर सिंह आदि मौजूद थे।

# उत्तराखंड की 13 महिलाओं ,और 35 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिलेगा तीलू रौतेली पुरस्कार

देहरादून। प्रदेश की 13 महिलाओं और किशोरियों को राज्य स्तरीय तीलू रौतेली पुरस्कार और 35 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। उनको मंगलवार को आईआरडीटी सभागार में आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाली महिलाओं और किशोरियों को राज्य सरकार की ओर से तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है, इस साल 13 महिलाओं को यह पुरस्कार दिया जाएगा। हर जिले से एक महिला या किशोरी का इस पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। इसमें दिव्यांग खिलाड़ी मोहिनी कोरंगा एवं नीलिमा राय समेत कई का चयन किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुरस्कार के लिए अल्मोड़ा जिले से चंद्रा देवी, उमा आर्य, पुष्पा और शीला देवी का चयन किया गया है। वही बागेश्वर जिले से जानकी देवी, लीलावती देवी, अनीता नेगी, शशि कला, चंपावत जिले से उर्मिला बिष्ट, देहरादून से शहनाज व सारो देवी, हरिद्वार से यशोदा शर्मा, शशि, रूबी, रुकय्या का चयन किया गया है। नैनीताल जिले से धनी मेवाड़ी, तारा भट्ट ,नीतू पौड़ी जिले से संगीता, सावित्री, विमला, सुनीता व ज्योति, पिथौरागढ़ जिले से नीमा, शिवांगी देवी, हन्सा कन्याल, रुद्रप्रयाग जिले से राजेश्वरी देवी, टिहरी जिले से पूजा चमोली, पदमा उनियाल ,राजमती नेगी, उधम सिंह नगर जिले से रंजू , राध ा चंद एवं उत्तरकाशी जिले से राजवती देवी का पुरस्कार के लिए चयन किया गया है विभाग की ओर से एक अन्य का नाम अभी जारी नहीं किया गया है। इसी तरह तीलू रौतेली पुरस्कार के लिए कुछ का नाम अभी घोषित नहीं किया गया है।

# उत्तराखंड में नए सिरे से होगा प्रदेश की 7791 ग्राम पंचायतों का परिसीमन

देहरादून। उत्तराखंड की 7791 ग्राम पंचायतों का नए सिरे से परिसीमन किया जाएगा। पंचायतों के विकास और ग्रामीणों की सहूलियत को देखते धामी सरकार ने इसकी कसरत शुरू कर दी है। शीघ्र ही इस संबंध प्रस्ताव राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लाया जाएगा। इसके बाद परिसीमन आयोग का गठन कर प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। पंचायतों के परिसीमन की यह प्रक्रिया प्रदेश में पहली बार अपनाई जाएगी। पहले जब कभी पंचायतों का गठन किया गया था, उस समय सीमित सड़कें थीं, लोग पैदल मार्गों से ही ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालयों में आवागमन करते थे। अब स्थितियां बदल गई हैं। प्रदेश के तमाम गांव अब सड़कों से जुड़ चुके हैं। ऐसे में बहुत से गांवों के ब्लॉक मुख्यालय बहुत दूर हो गए हैं, जबकि उनके पास दूसरे जिले का ब्लॉक मुख्यालय मौजूद है। इसे ऐसे समझ सकते हैं, देहरादून के रायपुर ब्लॉक के पास स्थित टिहरी जिले के कई गांव ऐसे हैं, जो जौनपुर (थत्यूड़) ब्लॉक मुख्यालय से जुड़े हैं। ऐसे में रायपुर पास होने के बावजूद लोगों को जौनपुर की दौड़ लगानी पड़ती है। प्रदेश में तमाम गांवों की अमूमन ऐसी ही स्थिति है। अब प्रदेश सरकार ऐसे गांवों को दूसरे विकासखंडों से जोड़ेगी, जो दूसरे जिले के विकासखंडों के एकदम नजदीक हैं। साथ ही उनकी सड़क कनेक्टिविटी भी मौजूदा विकासखंड से बेहतर दूसरे विकासखंड से है। इसके लिए पिछले दिनों पंचायती राज मंत्री सतपाल महाराज ने शासन के अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट में लाने के निर्देश दिए थे ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। इस संबंध में सचिव पंचायतीराज नितेश झा की ओर से निदेशक पंचायती राज को विकास खंडों के परिसीमन किए जाने के लिए जिलाधिकारियों से प्रस्ताव मांगने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## पेज एक का शेष...

137 **दिन बाद संसद पहुंचे....**राहुल गांधी की सदस्यता बहाल करने का फैसला स्वागत योग्य कदम है। यह भारत के लोगों और विशेषकर वायनाड के लोगों के लिए राहत वाला है। भाजपा और मोदी सरकार को अपने कार्यकाल का जो भी समय बचा है, उसका इस्तेमाल विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर लोकतंत्र को बदनाम करने के बजाय वास्तविक शासन पर ध्यान केंद्रित करके करना चाहिए। सचिन पायलट ने कहा, सत्य की जीत हुई। संसद में फिर जनता की आवाज बुलंद होगी। राहुल गांधी की संसद की सदस्यता बहाल होने से लोकतंत्र को बचाने, जनता के मुद्दों को उठाने के लिए किए जा रहे संघर्ष को नया बल मिलेगा। प्छक्प् को सशक्त बनाने की दिशा में सब मिलकर आगे बढ़ेंगे, एक उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेंगे। बता दें राहुल गांधी ने कर्नाटक के कोलार में 13 अप्रैल 2019 को चुनावी रैली में कहा था, नीरव मोदी, ललित मोदी, नरेंद्र मोदी का सरनेम कॉमन क्यों है? सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है? राहुल के इस बयान को लेकर बीजेपी विधायक और पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने उनके खिलाफ धारा 499, 500 के तहत आपराधिक मानहानि का केस दर्ज कराया था। अपनी शिकायत में बीजेपी विधायक ने आरोप लगाया था कि राहुल ने 2019 में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पूरे मोदी समुदाय को कथित रूप से यह कहकर बदनाम किया कि सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है? राहुल गांध ी के खिलाफ मानहानि के मामले में चार साल बाद 23 मार्च को सूरत की निचली अदालत ने राहुल को दोषी करार देते हुए 2 साल की सजा सुनाई थी। कोर्ट से दोषी ठहराने जाने के बाद लोकसभा सचिवालय की ओर से उनकी संसद सदस्यता रद्द कर दी गई थी। दरअसल, जनप्रतिनिधि कानून में प्रावधान है कि अगर किसी सांसद और विधायक को किसी मामले में 2 साल या उससे ज्यादा की सजा होती है, तो उनकी सदस्यता (संसद और विधानसभा से) रद्द हो जाती है। इतना ही नहीं सजा की अवधि पूरी करने के बाद छह वर्ष तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य भी हो जाते हैं।

### नामान्तरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 07 में क्रमांक 326 पर श्री राकेश छाबड़ा व नरेश छाबड़ा पुत्र स्व. दर्शन लाल का नाम अंकित है। जिसको इकारनामें के आधार पर कुल क्षेत्रफल का 1/2 भाग पूजा रानी पुत्री रामसरन व देवान्श आरोरा पुत्र पूजा रानी निवासी वार्ड नं0 07 गदरपुर ने क्रय किया है जिसकी पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर अभिलेखों में नामान्तरण करने के लिये अनुरोध किया है जो गृहकर अभिलेखो में पूजा रानी पुत्री रामसरन व देवान्श आरोरा पुत्र पूजा रानी निवासी वार्ड नं0 07 गदरपुर के नाम से नामान्तरण करने के लिए प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

अधिशासी अधिकारी,नगर पालिका परिषद गदरपुर

**शिवलिंग पर उभरे...** ने बताया कि गत रात्रि करीब आठ बजे जब कुछ शिव भक्त शिवलिंग की पूजा अर्चना कर रहे थे तो उन्होंने शिवलिंग पर भोले बाबा के त्रिनेत्रों को उभरते देखा। यही नही कुछ समय में ही त्रिनेत्र खुल और बंद हो रहे है। ऐसा चमत्कार देख शिवभक्तों की खुशी का ठिकाना नही रहा और इस चमत्कार की सूचना जब अन्य लोगों को लगी तो वहां शिवभक्तों का तांता लग गया और पूजा अर्चना के लिये धक्कामुक्की होने लगी। बड़ती भीड़ को देखते हुये मन्दिर में लाईने लगनी शुरू हो गई। बताया जाता है कि रात्रि करीब दो बजे तक शिवभक्तों का तांता लगा रहा। बाद में मन्दिर प्रबन्धन द्वारा भगवान को विश्राम देने के उद्देश्य से मन्दिर का दरवाजा बंद करा दिया गया। शिवभक्तों की भीड़ को देखते हुये आज सुबह जल्दी मन्दिर को खोल गया। विदित हो कि आज सावन महिने का पांचवा सोमवार है।

**आपत्तिजनक वीडियो ...**व्यक्ति उसको उकसा रहा था। वह व्यक्ति भी उक्त घटना में शामिल है। इस वीडियो से ठाकुर समाज के लोगों में रोष व्याप्त हैं। आरोपी युवक पर थाना सितारगंज में कई मुकदमे विचाराधीन हैं। शिष्ट मंडल ने बताया उसी दिन कोतवाली सितारगंज में उक्त घटना का एक प्रार्थना पत्र दिया लेकिन उसमें आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। उसके उपरांत एक प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी सितारगंज को दिया। लेकिन उक्त प्रार्थना पत्र पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। ज्ञापन मेंएसएसपी से मामले में थाना पुलिस सितारगंज को जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित करने का आग्रह किया गया है। ज्ञापन देने वालों में आदेश ठाकुर, गोपाल सिंह, जितेन्द्र सिंह, शिवपाल सिंह चौहान, विपिन सिंह, लवलेश चौहान, हेमंत वर्मा, गौरव चौहान, सुदेश ठाकुर, अनिल चौहान, गीता चौहान व हरीश कुमार आदि थे।

**हाथियों ने सड़क....**खदेड़ा। रेंजर कोटद्वार अजय ध्यानी ने बताया कि हाथी ने बोलेरो वाहन को क्षतिग्रस्त किया है, लेकिन समय रहते मौके पर पहुंचकर बड़ी घटना को अंजाम देने से रोक लिया गया।

**पति के खिलाफ...**बताया कि वह उसकी चंगुल से बमुश्किल छूट कर निकली। महिला पति के खिलाफ कार्रवाई पर अड़ी रही। पुलिस से बोली जब तक पति के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी,वह यहां से नहीं जायेंगे। महिला के हंगामा के चलते अफरा तफरी का माहौल बना रहा। एसएसआई अर्जुन गिरी गोस्वामी का कहना था कि पति पत्नी के बीच विवाद हो गया है। दोनों को बैठाकर सुलह कराने का प्रयास किया जा रहा है।

**कालाबाजारी की शिकायत...**पर पहुंची वहां भी मौके पर गैस की रिफलिंग होती पाई गई। जिस पर गैस सिलेंडर सहित गैस रिफलिंग के सामान को जब्त कर टीम वापस लौट गई। छापेमारी के दौरान कुल 29 सिलेंडर जब्त किए गए। टीम में कुमाऊं उपायुक्त विपिन कुमार, नायब तहसीलदार देवेंद्र सिंह बिष्ट, पूर्ति निरीक्षक हरिश्चंद्र के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**दिहाड़ी मांगने पर...**पर हमला कर दिया। राहुल ने अपने मित्रों की मदद से उसके पास रखे सात हजार पांच सौ रूपये नगद व मोबाइल छीन लिया। साथ ही जबरन अपनी गाड़ी में बिठाने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे व उसके दोस्त को बचा लिया। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# नूह में हुए अत्याचारों के विरुद्ध तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

गदरपुर( उद संवाददाता)। भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हैप्पी चंद्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने देश के गृहमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार



को सौंपा।ज्ञापन में हरियाणा के नूह एवं मेवात में हो रहे हिंदुओं के परिवारों पर अत्याचार पर रोक लगाने के साथ आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। इस मौके पर निपुण गगनेजा हरीश कुमार राजू वाधवा अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे ।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'राहत' की बजाए हिस्से आ रही दोहरी 'मुसीबत'

## वसूली एजेंट बनी पुलिस, आए दिन काट रही ठेली व्यवसायियों का चालान

■ अर्श

रूद्रपुर। सामाजिक की आर्थिक संरचना के सबसे निचले पायदान पर आजीविका के लिए कठिन संघर्ष कर रहे निर्बल जनों की सरकार से केवल इतनी ही अपेक्षा होती है कि शासन प्रशासन उनके लिए कम से कम ऐसे प्रबंध कर दे जिससे वे मेहनत मशक्कत करके दोजून की रोटी कमा सकें। लेकिन कतिपय विसंगतियों के चलते कभी-कभी यह भी संभव नहीं हो पाता और आर्थिक रूप से अति निर्बल लोगों को राहत मिलने की बजाए दोहरी मुसीबत का सामना करने को मजबूर होना पड़ता है । रुद्रपुर शहर में ठेली लगाकर आजीविका चलाने वाले लोगों को इन दिनों ऐसी ही दोहरी मुसीबत से दो चार होना पड़ रहा है। बताना होगा कि नगर में रेहड़ी पटरी वालों के लिए वेंडिंग जोन बनाने की बात तो शासन प्रशासन द्वारा एक अरसे से कही जा रही है ,लेकिन इस योजना को आज तक कोई ठोस आकार नहीं दिया जा सका है। नतीजतन नियत वेंडिंग जोन के अभाव में ठेली लगाकर आजीविका कमाने वाले लोगों को, मेन मार्केट एवं सब्जी मंडी के आसपास सड़क के किनारे खड़े होकर व्यापार करना पड़ रहा है। सड़क के किनारे ठेली लगाने के कारण इन पर स्थानीय पुलिस की नजरे इनायत बराबर हो रही




है और तकरीबन हर हफ्ते इनके विरुद्ध चालान की कार्यवाही हो रही है। इतना ही नहीं ,कभी-कभी तो इन ठेली वालों को पुलिस द्वारा बाजार चौकी तक ले जाया जाता है और कई घंटे तक चौकी में खड़ा करा कर रखने के बाद चालान की कार्रवाई कर छोड़ दिया जाता है। ऐसी स्थिति में इनके पल्ले से चालान के पैसे तो जाते ही हैं, साथ ही इनका दिन भर का धंधा भी मारा जाता है। गौरतलब है कि इन ठेली वालों को ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण पुलिसिया कार्यवाही का सामना तब करना पड़ रहा है, जबकि वे नगर निगम को निगम की सीमा के अंतर्गत व्यापार करने के लिए बकायदा तहबाजारी का भुगतान करते हैं। बावजूद इसके ना तो इनके हितों के संरक्षण के लिए नगर निगम ही आगे आता है और ना ही नगर के तथाकथित गरीब हितैषी नुमाइंदे। जबकि नगर के नुमाइंदों का यह कर्तव्य बनता था कि जब तक शासन प्रशासन द्वारा किसी वेंडिंग जोन की व्यवस्था नहीं करा दी जाती, तब तक वे ठेली वालों को वर्तमान व्यवस्था के तहत ही व्यापार करने की छूट दिलाने के प्रशासनिक प्रबंध करते और आए दिन होने वाली पुलिस की चालान कार्यवाही से निजात दिलाते। बहरहाल, रुद्रपुर शहर के में सड़क के किनारे जहां-तहां ठेली लगाकर व्यापार करने वाले इन लघु व्यापारियों से जुड़ी एक बड़ी विडंबना तो यह है कि इनकी स्थिति भी असंगठित क्षेत्र के दिहाड़ी मजदूरों जैसी ही है और इनका अपना कोई सामाजिक अथवा व्यापारिक संगठन भी नहीं है ,जो इनके हितों की लड़ाई लड़ सके। एक समय लघु उद्योग व्यापार मंडल शहर के रेहड़ी पटरी वालों के साथ अवश्य खड़ा दिखाई देता था, लेकिन आजकल उसकी गतिविधियां थम सी गई प्रतीत होती हैं बात अगर शहर के बड़े व्यापारिक संगठनों अर्थात प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं देवभूमि व्यापार मंडल की करें ? तो दोनों ही व्यापार मंडल पुलिस की चालान कार्यवाही का शिकार हो रहे ठेली व्यवसायियों के प्रति सहानुभूति तो रखते हैं ।लेकिन अपने सांगठनिक संविधान एवं नियमों के चलते इनके साथ चाह कर भी खुलकर नहीं खड़े हो सकते ।



**वेंडिंग जोन जल्द से जल्द बनना चाहिए। वेंडिंग जोन बनने से मेन मार्केट में लगने वाले जाम की समस्या से भी काफी हद तक निजात मिल सकेगी। ठेली व्यवसायियों का आए दिन चालान काटना गलत है। जब तक वेंडिंग जोन की व्यवस्था नहीं होती तब तक राहत दी जानी चाहिए। अगर ठेली व्यवसाई हम से सहयोग मांगने आएंगे तो हम उनके साथ खड़े रहेंगे।**

**-संजय जुनेजा, अध्यक्ष व्यापार मंडल**



**व्यापार मंडल के संविधान के अनुसार व्यापार मंडल केवल उन्हीं दुकानदारों के हक की लड़ाई लड़ता है ,जो संगठन के सदस्य हो और जिनकी दुकान की दीवारें 3 तरफ से पक्की हो। इसलिए व्यापार मंडल के संविधान से बंधे होने के कारण हम ठेली वालों के संघर्ष में ऑफीशियली नहीं खड़े हो सकते ,लेकिन प्रशासन को इनकी स्थिति पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर इनकी कोई वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए।**

**-गुरमीत सिंह, जिलाध्यक्ष देवभूमि व्यापार मण्डल**

## ब्लैकमेलिंग मामले में फरार महिला पर ईनाम घोषित

हल्द्वानी। पुलिस ने ब्लैकमेलिंग के मामले में फरार आरोपी महिला के ऊपर पांच हजार रुपए का ईनाम घोषित कर दिया है। सिंचाई विभाग के एक अधिकारी को वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाली महिला पिछले तीन महीने से फरार है। जिसकी पुलिस द्वारा निरंतर तलाश की जा रही है। ज्ञात हो कि 18 मई को एक महिला समेत चार कथित पत्रकार सिंचाई विभाग में मुख्य अभियंता के कार्यालय पहुंचकर उन्हें फर्जी विजिलेंस अधिकारी बताकर प्रधान सहायक उमेश चंद कोठारी को उनकी एडिट की हुई वीडियो और फोटो दिखाई और गंभीर आरोप लगाते हुए ब्लैकमेल किया। साथ ही वीडियो वायरल करने की भी धमकी दी। उनके द्वारा मामले को रफा-दफा करने के लिए पैसे की डिमांड की गई। ऐसा नहीं किए जाने पर अधिकारी को जेल भेजने की भी धमकी दी गई। इस मामले में पुलिस तीन कथित आरोपी पत्रकारों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। फिलहाल उनके साथ देने वाली महिला अभी भी फरार है। जिसकी धरपकड़ के लिए पुलिस सभी संभावित स्थानों पर दबिश दे रही हैं। एसएसपी पंकज भट्ट ने बताया की पुलिस ने फरार चल रही महिला पर पांच हजार का इनाम रखा है।

## भाकियू अराजनैतिक के रेशम सिंह बने ब्लाक अध्यक्ष



गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह गोराया द्वारा स.रेशम सिंह संधू निवासी ग्राम अजीतपुर काशीपुर को काशीपुर ब्लाक का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। विक्रम सिंह ने कहा,रेशम सिंह द्वारा काशीपुर क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए किसानों के हित में कार्य करेंगे। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पूरी जिला कार्यकारिणी हर किसान के साथ हमेशा कंधे से कंधा जोड़ खड़ी रहेगी । इस मौके पर नवनियुक्त बलाक अध्यक्ष रेशम सिंह को शुभकामनाएं देने वालों में साहिब सिंह, राजेंद्र सिंह ढिल्लों, प्रताप सिंह,निरवैर सिंह, विक्रम सिंह लोग आदि थे।